राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरांचल, उतराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात, संस्करण मंगलवार 17अगस्त-2021 वर्ष-4, अंक - 205 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023
(Software Technology Park of
India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

# अटल बिहारी वाजपेयी की तीसरी पुण्यतिथि : प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की तीसरी पुण्यतिथि है. दिल्ली में सदैव अटल समृति स्थल पर प्रधानमंत्री मोदी ने श्रद्धांजलि दी. राष्ट्रपति समेत कई दूसरे मंत्रियों ने भी नमन किया**







● **अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 25 दिसंबर, 1924 को हुआ था. अटल बिहारी वाजपेयी सबसे पहले 1996 में 13 दिन के लिए प्रधानमंत्री बने थे और उसके बाद 1998 में उन्होंने केंद्र में 13 महीनों की सरकार चलाई थी. 1999 में वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने और 2004 में एनडीए की हार तक इस पद पर बने रहे.**

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की तीसरी पुण्यतिथि है. दिल्ली में सदैव अटल स्मृति स्थल पर लोग अपने प्रिय नेता का श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे हैं. बीजेपी के कई बड़े नेता सदैव अटल स्मृति स्थल पर पहुंच रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव अटल स्मृति स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि दी. साथ ही मंत्रिमंडल में शामिल दूसरे मंत्रियों ने भी श्रद्धांजलि दी.

**अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि**

दिल्ली में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर 'अटल स्मृति स्थल' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य भाजपा नेता भी पहुंचे. इस मौके पर उन्होंने अटल जी को श्रद्धांजलि दी और नमन किया।

**पीएम और राष्ट्रपति ने किया नमन**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा देश के राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने दिल्ली में 'अटल स्मृति स्थल' पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी.

गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर लिखा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन का क्षण-क्षण भारत को परम वैभव के शिखर पर ले जाने हेतु समर्पित रहा. अटल जी जैसे बहुआयामी व्यक्तित्व वाले जननेता को पाकर भारतीय राजनीति धन्य हुई है. उनका मूल्यों व आदर्शों आधारित जीवन हम करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए एक अनमोल धरोहर है.

उन्होंने अगले ट्वीट में कहा कि आदरणीय अटल जी ने अपने दृढ़ निश्चय व दूरदर्शिता से देश में सुशासन व विकास को चरितार्थ कर हर भारतवासी के जीवन को स्पर्श किया साथ ही पूरे विश्व को अटल भारत के साहस व सामर्थ्य से परिचित कराया. ऐसे महान युग मनीषी श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में कोटिशः वंदन।

अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 25 दिसंबर, 1924 को हुआ था. अटल बिहारी वाजपेयी सबसे पहले 1996 में 13 दिन के लिए प्रधानमंत्री बने थे और उसके बाद 1998 में उन्होंने केंद्र में 13 महीनों की सरकार चलाई थी.

1999 में वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने और 2004 में एनडीए की हार तक इस पद पर बने रहे. उनके कार्यकाल में भारत ने परमाणु परीक्षण कर यह क्षमता हासिल की. साथ ही कारगिल में हुई पाकिस्तानी घुसपैठ को रोककर भारत ने पड़ोसी देश को धूल चटाई थी.

## जेसिका लाल की बहन सबरीना लाल का लंबी बीमारी के बाद निधन

**नई दिल्ली।** जेसिका लाल के हत्यारों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने वाली उनकी बहन सबरीना लाल का रविवार शाम निधन हो गया। यह जानकारी उनके भाई रंजीत लाल ने दी। उन्होंने कहा,'वह (सबरीना) अस्वस्थ थीं और उनका अस्पताल आना-जाना लगा रहता था। कल, घर में उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और हम उन्हें अस्पताल ले गए। आज शाम, उनका निधन हो गया।' पिछले साल, सबरीना ने



न्याय प्राप्त करने में महिलाओं की मदद करने के लिए अपनी बहन की स्मृति में एक फाउंडेशन शुरू करने की योजना के बारे में बात की थी। जेसिका लाल की 1999 में राष्ट्रीय राजधानी स्थित एक रेस्तरां में हत्या कर दी गई थी। सबरीना ने कहा था,'वह (जेसिका) अपने जीवन में बहुत ही खुश और सकारात्मक नजरिए वाली थी। यह सिर्फ उसके जन्मदिन और बरसी तक सीमित नहीं है कि मुझे उसकी कमी खलती हो, हर रोज मुझे उसकी कमी खलती है। मैंने अपने घर में उसकी बहुत सी तस्वीर लगा रखी हैं और मैं उसे भूलना नहीं चाहती, ये (तस्वीरें) मुझे उसकी याद दिलाती रहती हैं।' उसने कहा था कि उसने अपनी बहन के हत्यारे मनु शर्मा को माफ कर दिया है, जो पिछले साल दिल्ली सजा समीक्षा बोर्ड द्वारा उसकी समय से पहले रिहाई की सिफारिश के बाद जेल से बाहर आया था। सिद्धार्थ वशिष्ठ, जिन्हें मनु शर्मा के नाम से जाना जाता है, 1999 की हत्या के लिए यहां तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। उसने 2018 में जेल अधिकारियों को लिखा था कि उसे शर्मा की रिहाई पर कोई आपत्ति नहीं है।

## भारत में अफगान दूतावास का ट्विटर अकाउंट हैक, नहीं हो पा रहा 'लॉग इन'

**नई दिल्ली।** भारत में अफगान दूतावास के ट्विटर हैंडल को हैक कर लिया गया है। इसकी जानकारी सोमवार को दूतावास के प्रेस सेक्रेटरी अब्दुलहक आजाद ने दी। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। प्रेस सेक्रेटरी ने बताया, 'भारत में अफगान दूतावास के ट्विटर हैंडल का एक्सेस नहीं हो रहा, एक मित्र ने इस ट्वीट का स्क्रीनशॉट भेजा जो मुझे नहीं दिखा। मैंने लॉग इन करने की कोशिश की लेकिन असफल रहा। ऐसा लग रहा कि यह हैक हो चुका है।' भारत में अफगान दूतावास के ट्विटर अकाउंट की ओर से अशरफ गनी की तस्वीर के साथ पोस्ट किया गया है, 'हमारा सिर शर्म से झुक गया है। अशरफ गनी अपने चमचों के साथ फरार हो गए। उन्होंने सब बर्बाद कर दिया है। हम एक भगोड़े के प्रति समर्पित होकर काम करने के लिए माफी मांगते हैं। उनकी सरकार हमारे इतिहास पर एक दाग होगी।' इस ट्वीट में भारतीय विदेश मंत्रालय को भी टैग किया गया।

बता दें कि अब अफगानिस्तान में तालिबान पूरी तरह काबिज हो चुका है। वहां के कई राजनयिक समेत राष्ट्रपति अशरफ गनी ने देश छोड़ दिया। तालिबान आतंकियों ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल का नियंत्रण अपने हाथों में लेते



हुए राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया इसके बाद राष्ट्रपति अशरफ गनी ने देश छोड़कर ताजिकिस्तान चले गए। तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने रविवार को कहा कि राजधानी काबुल में प्रवेश के लिए तालिबान को कहा गया। मुजाहिद ने टोलो न्यूज के साथ साक्षात्कार में यह भी कहा कि शहर में सुरक्षा हालात नियंत्रण में है।

**केरल में कोरोना**

## केंदीय स्वास्थ्य मंत्री की नींद उड़ी, राज्य मंत्री बोलीं- इतनी चिंता की भी बात नहीं

**दिल्ली।** पूरे देश में कोरोना के नए मामलों को देखें तो अकेले केरल में 50 प्रतिशत मरीज हैं। इन आंकड़ों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की नींद उड़ा दी है। वह हालातों की समीक्षा करने आज केरल पहुंच रहे हैं। लेकिन, राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज का कहना है कि राज्य में कोरोना के हालात इतने भी खराब नहीं हैं। हम उचित कदम उठा रहे हैं।

वैक्सीन मांगी है, अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या कम

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज का कहना है कि हमने ज्यादा से ज्यादा लोगों का टीकाकरण करने के लिए केंद्र से वैक्सीन मांगी है। उनका कहना है कि राज्य



में जिस तरह से कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उसके मुकाबले अस्पतालों की भर्ती होने वालों की संख्या काफी कम है।

**रविवार को हुई 102 मौतें, 18,582 मामले आए सामने**

आंकड़ों की बात करें तो केरल में अबतक 3.67 मिलियन संक्रमित सामने आ चुके हैं। इसमें से 18,601 की मौत भी हो चुकी है। रविवार को राज्य में सबसे ज्यादा 18,582 मामले सामने आए, इसमें से 102 मौतों की पुष्टि हुई। वहीं करीब 21 हजार मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी गई। इसके बाद राज्य में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 34,92,367 पहुंच गई। जबकि, राज्य में अभी भी 1,78,630 सक्रिय कोरोना मरीज हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रविवार को 1,22,970 लोगों की कोरोना जांच की गई।

**चार जिलों में दो हजार से ज्यादा मामले**

रविववार को केरल के मलप्पुरम, तृश्शूर, कोझीकोड, एर्णाकुलम में सबसे ज्यादा मरीज सामने आए। यहां दो हजार से ज्यादा कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। केरल के सभी राज्यों में 4,99,000 मरीजों का इलाज चल रहा है। इसमें 27,636 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं।

राष्ट्रीय महामारी नियंत्रण केंद्र के अधिकारियों के साथ केरल पहुंच रहे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने एएनआई को बताया कि केरल में वह मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद वह मंगलवार को असम का दौरा भी करेंगे।

## राष्ट्रपति ने पारसी नववर्ष 'नवरोज' के मौके पर दी बधाई

**कहा– देश के विकास में इस समुदाय का अहम योगदान**


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को पारसी नववर्ष 'नवरोज' के मौके पर देशवासियों को बधाई दी और कहा कि इस समुदाय ने देश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राष्ट्रपति कोविंद ने ट्वीट करते हुए कहा कि नवरोज मुबारक! पारसी समुदाय के लोगों ने भारत के विकास और विकास के कई पहलुओं में बहुत बड़ा योगदान दिया है। पारसी नव वर्ष सभी के जीवन में एकता, समृद्धि और खुशी लाए एवं हमारे नागरिकों के बीच सद्भाव और बंधुत्व की भावना को और



मजबूत करे। बता दें कि अगस्त माह में पारसी समाज का नववर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष यह त्योहार 16 अगस्त को मनाया जा रहा है। पारसी नववर्ष को 'नवरोज' कहा जाता है।

## करोड़पति हॉकर की संपत्तियां जब्त कर लगाया मकोका, रेलवे स्टेशनों पर चलाता था फिरौती रैकेट


**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने एक करोड़पति हॉकर की संपत्तियां जब्त करते हुए खिलाफ मकोका की कार्रवाई की है। यह हॉकर फिरौती के मामले में आरोपी है। जीआरपी ने यह कार्रवाई हॉकर, उसकी पत्नी और छह अन्य सहयोगियों के खिलाफ की है। जीआरपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस करोड़पति हॉकर का नाम संतोष कुमार सिंह उर्फ बबलू ठाकुर है। दादर जीआरपी के वरिष्ठ इंस्पेक्टर दुन्यनेश्वर काटकर ने बताया कि ठाकुर पर कथित तौर पर रेलवे स्टेशनों पर हॉकरों से फिरौती वसूलने में संलिप्त रहने का आरोप है है। पैसे न देने पर वह उनके साथ मारपीट करता था और धारदार हथियारों से हमला करता था। काटकर ने कहा कि अन्य प्रावधानों के साथ अब बबलू ठाकुर के खिलाफ मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून) के तहत मामला दर्ज किया गया है।




अधिकारी के अनुसार बबलू ठाकुर करोड़ों की संपत्ति का स्वामी है। उसके पास दो महंगी कारें व एक मोटरलाइकिल, मुंबई में 10 आवास, उत्तर प्रदेश में दो प्लॉट, पांच खेत, डेढ़ किलो सोना, करीब 10 लाख रुपये की कुछ बीमा पॉलिसी और लगभग 30 बैंक खातों में जमा नकदी है। उन्होंने बताया कि बबलू ठाकुर मुंबई में दादर, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएमएमटी), बाइकुला और कुर्ला रेलवे स्टेशनों पर फिरौती का रैकेट चला रहा था और वसूली को अंजाम दे रहा था। इसके अलावा ठाणे सिटी और कल्याण टाउन रेलवे स्टेशन पर भी वह फिरौती रैकेट चलाता था। काटकर ने बताया कि बबलू ठाकुर और उसकी पत्नी रीता सिंह के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। इनमें से कई मामले अभी भी अदालत में लंबित हैं। उन्होंने कहा कि हम ठाकुर, उसकी पत्नी और छह अन्य सहयोगियों के खिलाफ मकोका के तहत मामला दर्ज कर रहे हैं। इनके खिलाफ पूर्व में आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) की धारा 387 (फिरौती) और 392 (लूट) के तहत मामला दर्ज था।

# अफगानिस्तान: अशरफ गनी बोले– खून की नदियां बहने से बचाने के लिए मैंने देश छोड़ना बेहतर समझा

**काबुल।** अमेरिका की सेना के जाने के कुछ दिनों बाद ही तालिबान ने तेजी से अफगानिस्तान के प्रांतों को अपने कब्जे में ले लिया। अब वह पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर चुका है। खतरे को देख राष्ट्रपति अशरफ गनी भी देश छोड़कर भाग गए। अब उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। अशरफ गनी ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा- आज मेरे सामने एक कठिन चुनाव आया कि मुझे हथियारों से लैस तालिबान का सामना करना चाहिए, जो महल में घुसना चाहता था या मुझे अपने प्यारे देश अफगानिस्तान को छोड़ना था। मैंने पिछले बीस वर्षों में अफगानिस्तान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि खून की नदियां बहने से बचाने के लिए मैंने सोचा कि देश से बाहर जाना ही ठीक है। तालिबान ने तलवार और बंदूकों के दम पर जीत हासिल की है और अब वे देशवासियों के सम्मान, धन और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए जिम्मेदार होंगे। इतिहास ने ऐसी शक्तियों को कभी नहीं अपनाया है। गनी ने आगे बयान में कहा कि तालिबान के लिए आवश्यक है कि वह अफगानिस्तान के सभी लोगों, राष्ट्रों, विभिन्न क्षेत्रों, बहनों और महिलाओं को वैधता और लोगों का दिल जीतने का आश्वासन दे। और वह जनता के साथ मिलकर एक स्पष्ट योजना बनाए। मैं हमेशा अपने देश की सेवा करता रहूंगा।



● **इतिहास ने ऐसी शक्तियों को कभी नहीं अपनाया है। गनी ने आगे बयान में कहा कि तालिबान के लिए आवश्यक है कि वह अफगानिस्तान के सभी लोगों, राष्ट्रों, विभिन्न क्षेत्रों, बहनों और महिलाओं को वैधता और लोगों का दिल जीतने का आश्वासन दे। और वह जनता के साथ मिलकर एक स्पष्ट योजना बनाए। मैं हमेशा अपने देश की सेवा करता रहूंगा। बता दें कि अफगानिस्तान पर 20 साल के बाद एक बार फिर तालिबान का कब्जा हो गया है। उसने देश के राष्ट्रपति भवन पर भी कब्जा जमा लिया है।**

**तालिबान का कब्जा**-बता दें कि अफगानिस्तान पर 20 साल के बाद एक बार फिर तालिबान का कब्जा हो गया है। उसने देश के राष्ट्रपति भवन पर भी कब्जा जमा लिया है। टोलो न्यूज के मुताबिक, यहां सत्ता हस्तांतरण की प्रकिया भी पूरी हो गई है। राष्ट्रपति अशरफ गनी ने तालिबान को सत्ता सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक, नई अंतरिम सरकार के अंतरिम प्रमुख के रूप में अली अहमद जलाली का नाम सबसे आगे चल रहा है। राष्ट्रपति गनी ने देश छोड़ दिया है। माना जा रहा है कि गनी ताजिकिस्तान जा रहे हैं। काबुल की पुलिस ने अपने हथियार तालिबान को सौंप दिए हैं। इससे पहले आंतरिक और विदेश मामलों के कार्यवाहक मंत्रियों अब्दुल सत्तार मिर्जाकवाल ने अलग-अलग वीडियो क्लिप में आश्वासन दिया कि काबुल के लोगों को सुरक्षित किया जाएगा, क्योंकि वे अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ शहर की रक्षा कर रहे हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## नए मोड़ पर आजादी

75वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाल किले से संबोधन इतिहास के गौरव और वर्तमान की चुनौतियों के मंच से उज्ज्वल भविष्य की ओर देखने की एक प्रेरक कोशिश है। लाल किले से अपने आठवें संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां से शुरू होकर अगले 25 वर्ष की यात्रा तक, जब हम आजादी की शताब्दी मनाएंगे, नए भारत के सृजन का यह अमृत काल है। इस अमृत काल में हमारे संकल्पों की सिद्धि हमें आजादी के 100 वर्ष तक ले जाएगी और गौरवपूर्ण रूप से ले जाएगी। वाकई अगर भारत सरकार ने आगामी 25 वर्षों में देश के विकास के लिए जी-जान लगा दिया, तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत दुनिया में सबसे आदर्श लोकतांत्रिक महाशक्ति के रूप में चमक उठेगा। हमारी आबादी का गणित बताता है कि वर्ष 2035 तक भारत युवाओं का देश रहेगा, मतलब हमारे लिए आगामी पंद्रह से बीस साल बहुत महत्व रखते हैं। इन वर्षों में अगर हम पूरी मेहनत, ईमानदारी और कौशल से आगे बढ़े, तो सचमुच कमाल होने वाला है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में बिल्कुल सही इशारा किया कि सरकारी नियमों व प्रक्रियाओं को लोगों के लिए बहुत आसान बनाना होगा। विगत सत्तर वर्षों से जो जकड़ रही है, उसे ढीला करने में वक्त लगेगा, लेकिन सरकारी विभागों, कर्मचारियों को समय के अनुसार ढलना पड़ेगा। आज किसी भी तरह का उद्यम करना या कोई नया काम करना पहले की तुलना में थोड़ा आसान हुआ है, लेकिन इस दिशा में अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। जब आगे बढ़ने की बात हो रही है, तो जाहिर है, प्रधानमंत्री ने हाल ही में संसद में ओबीसी समुदाय के आरक्षण से जुड़े विधेयक के पास होने का जिक्र किया। एक और खास बात कि प्रधानमंत्री ने देश को बदलने के लिए एक नया मंत्र दिया है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सबका प्रयास को भी जोड़ा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुभाषचंद्र बोस से लेकर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तक सभी वीर शहीदों को नमन किया और कहा कि देश इन सभी महापुरुषों का कर्जदार है और हमेशा रहेगा। वाकई, स्वतंत्रता सेनानियों का जो हम पर ऋण है, उसे हमें हमेशा याद रखना चाहिए। हमें आजादी बैठे-बिठाए नहीं मिली थी। अतः हमें भी अपने देश को सशक्त करने में अपना पूरा योगदान देना चाहिए, जो हमारी शान और पहचान है। अपनी आजादी के इस मोड़ पर आज सभी को आत्मसमीक्षा करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने युवाओं का आह्वान करने के साथ ही कर्म के फल पर विश्वास जताया है। बिना कर्म स्वतंत्रता आदर्श नहीं बन सकती। केवल भाषण से कुछ नहीं होने वाला। आज यह बहुत जरूरी है कि जो भी जहां है, वहां वह अपने काम में सौ फीसदी ईमानदारी बरते और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल और बदलते देश में बीस से ज्यादा उपलब्धियों का बखूबी बयान किया है, तो कोई आश्चर्य नहीं। इन उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर सभी को आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चेताया है कि हमारे पास गंवाने के लिए एक पल भी नहीं है। यही समय है, सही समय है। निःसंदेह, शासन-प्रशासन चला रहे लोगों को भी नारों-आह्वान की रोशनी में चलते हुए आम लोगों के सामने आदर्श रखना होगा।



## 'आज के ट्वीट

### 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति'

आज देश के पास 21 वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने वाली नई 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' भी है:

-- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

# लालकिले से बहुत गहरे संदेश

(लेखक- ऋतुपर्ण दवे)

जहां विभाजन का दर्द, आजादी का अमृत महोत्सव, इशारों में चीन और पाकिस्तान को कड़ा संदेश वहीं सबका साथ, सबका प्रयास, 21 वीं सदी के उस भारत का खाका जिस पर आजादी के 100 वें मौके पर इसी लालकिले की प्राचीर से तब के प्रधानमंत्री चर्चा करें, नई शिक्षा नीति, बेटियों, युवाओं, प्रतिभाओं, खेलों, छोटे किसानों, पर्यावरण, हरित ऊर्जा, रोजगार, आतंकवाद व विस्तारवाद की चुनौतियों के बावजूद मेड इन इण्डिया पर लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस सधे और आत्मविश्वास से भरे अंदाज में देश को संबोधित किया वह निश्चित रूप से विश्व में भारत की बेहद अलग छवि को दिखाता है। नए भारत के सृजन के अगले 25 वर्षों पर विशेष रूप से केन्द्रित अपने भाषण में इस बार प्रधानमंत्री ने रानी लक्ष्मीबाई से लेकर सुभाष चन्द्र बोस तथा भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, देश को एकजुट राष्ट्र में तब्दील करने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर तक का जिक्र कर उनके ऋण और देश भक्ति की न केवल याद दिलाई बल्कि नेहरी जी का नाम लेकर एक निर्विवाद, निष्पक्ष व दुनिया में भारत के लिए कुछ भी कर गुजरने वाले संकल्पित राजनेता की छवि व छाप भी छोड़ यह भी अनकहे जता दिया कि उनके लिए देश से बढ़कर कुछ भी नहीं। नरेन्द्र मोदी सीधे, सादे और चंद शब्दों में ही बड़ी बातें कहने के अपने अलग अंदाज के रूप में खासे लोकप्रिय हैं। लालकिले से उन्होंने संकल्पों को परिश्रम की पराकाष्ठा से सिध्द करने पर जोर देते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबके प्रयास ही पूरा कर सकता है जो हर लक्ष्य को हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस तरह से सामूहिक प्रयास के महत्व और मंशा दोनों ही जताते हुए बड़ी बाते कहीं। उनकी मंशा दर्शाती है कि सभी के सामर्थ्य को उचित अवसर देना ही सच्चे और मजबूत लोकतंत्र की असली भावना है। प्रधानमंत्री के पूरे भाषण में यही झलकता रहा और सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय को संकल्पित सरकार के सशक्त नेतृत्व और इच्छा शक्ति का अहसास होता रहा। नरेन्द्र मोदी का आव्हान कि अमृतकाल का लक्ष्य ही भारत और भारत के नागरिकों के लिए समृद्धि के नए शिखरों का आरोहण है, ऐसे भारत का निर्माण जहां सुविधाओं का स्तर गांव और शहर को बांटने वाला न हो। शत-प्रतिशत गांवों में सड़कें हों, शत प्रतिशत परिवारों के पास बैंक अकाउंट हों, शत-प्रतिशत लाभार्थियों के पास आयुष्मान भारत का कार्ड हो, शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के पास उज्ज्वला योजना का गैस कनेक्शन हो। चाहे अनुच्छेद 370 को बदलने का ऐतिहासिक फैसला रहा हो या फिर टैक्स के जंजाल से मुक्ति वाली जीएसटी हो, रामजन्म भूमि मामले का शांतिपूर्ण समाधान या ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जे की बात, त्रिपुरा में ब्रू रियांग समझौता हो या जम्मू-कश्मीर में आजादी के बाद पहली बार स्थानीय और जिला विकास परिषद चुनाव ये सब दर्शाता है कि भारत न केवल अपनी संकल्पशक्ति बल्कि विश्व व्यापी शक्ति बनने की हैसियत को दर्शा रहा है। इन सबके पीछे हमारा मजबूत लोकतंत्र ही है। प्रधानमंत्री ने अमृत महोत्सव के क्षण में देश को संबोधित अपने उद्बोधन में कुछ यही इशारा किया। उन्होंने इसे नए भारत के सृजन का अमृत काल बताया। इस मौके पर शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जिसकी चर्चा उन्होंने न की हो। भाषा के बंधन से मुक्ति का बड़ा आव्हान करते हुए मातृभाषा में पढ़कर आगे बढ़ने से किसी प्रतिभा के न्याय की बात को बड़ी ही सरलता से खेल के मैदान में हालिया उपलब्धि से जोड़ते हुए यह बताना कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी ग़रीबी के खिलाफ लड़ाई में बड़ा शस्त्र बनकर सामने है। इसमें प्रतिभा और मातृभाषा का महत्व है। इसी से खेल के मैदान में भाषा रुकावट नहीं बनी। आज हम खेल भी रहे हैं और खिल भी रहे हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खेल को अहमियत के साथ शामिल किया गया है।



उन्होंने देश के सभी सैनिक स्कूलों को लड़कियों के लिए खोलने के ऐतिहासिक फैसले की घोषणा करते हुए लंबे समय से इसे भेदभाव की निगाह से देखे जाने की समाप्ति भी कर दी। निश्चित रूप से जहां इससे देश की आधी आबादी के सम्मान में वृध्दि तो हुई है वहीं जल्द ही देश की रक्षा के लिए महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर हर कहीं बराबरी से साथ देती दिखेंगी। करीब दो-ढाई साल पहले मिजोरम के सैनिक स्कूल में बेटियों को प्रवेश देने का पहला नायाब प्रयोग किया गया था। जिसके सकारात्मक नतीजों से ही उत्साहित हो प्रधानमंत्री ने सारे सैन्य स्कूलों से इस प्रतिबंध के आज लालकिले की प्राचीर से खात्मे की ऐतिहासिक घोषणा भी की। युवाओं के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना की घोषणा की जिसमें केंद्र सरकार 100 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। इससे युवाओं को रोजगार के साथ ही देश के इन्फ्राकस्ट्रक्च0र का विकास भी किया जाएगा। आज लालकिले से अपने उद्बोधन जिस अंदाज में छोटे किसानों और गांवों में स्वामित्व योजना के सच का जिक्र किया वो बेहद महत्वपूर्ण है। परिवार बढ़ने से किसानों के हिस्से की जमीन घटती गई नतीजन 80 प्रतिशत से ज्यादा किसानों के पास महज 2 हेक्टेयर जमीन ही रह गई। वहीं गांवों में जमीन का विवाद किसी से छुपा नहीं है। इसलिए गांव-गांव में हर जमीन की ड्रोन से मैपिंग, संपत्ति के कागज ऑनलाइन अपलोड करने से जहां विवादों का खात्मा होगा वहीं कम कृषि जमीन, ज्यादा उपज और किसानों की आमदनी पर प्रधानमंत्री का खास फोकस काफी आशावादी दिखा। कृषि क्षेत्र की चुनौतियों में वैज्ञानिक ताकतों को जोड़ने की बात, छोटे किसानों को सहायता और ब्लॉक स्तर पर वेयर हाउस बनाने के विश्वास से बहुत जल्द ही देश में एक नई और अलग कृषि क्रान्ति स्वाभाविक है। वैसे भी पर्याप्त उपज के बावजूद समुचित भण्डारण के आभाव से कृषि सेक्टर कई तरह की मुसीबतों को झेलना पड़ता है। उनका आव्हान कि छोटा किसान बने देश की शान बेहद मायनों वाला है। विदेशों में भारतीय पहचान बन रहे कृषि उत्पादों जिसमे अनाज से लेकर सब्जियों और फलों का जिक्र कर उन्होंने इस क्षेत्र को नई संजीवनी देने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री ने लालकिले से ही घोषणा कर आजादी के अमृत महोत्सव पर देश को सुरक्षित, आधुनिक और रफ्तार से भरी रेल यात्रा का तोहफा भी दिया। यानी 15 अगस्त 2023 तक 75 सप्ताहों में 75 वन्दे मातरम ट्रेन चलाई जाएंगी जो देश के हर कोने को आपस में जोड़ रही होंगी। निश्चित रूप से रेल के क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी। इसमें स्लाइडिंग फुटस्टेप्स, ऑटोमेटिक दरवाजे, एग्जीक्यूटिव क्लास में चारों तरफ घूमने वाली कुर्सियां, बैक्टीरिया फ्री एयरकंडीशनर, किताब पढ़ने के लिए पर्सनल लाइट, हर सीट के नीचे चार्जिंग प्वाइण्ट, जीपीएस इनेबल स्क्रीन के अलावा हर कोच में 4 इमरजेंसी खिड़कियों के अन्य कई सुविधाएं मिलेंगी। प्रधानमंत्री ने गांव, गरीबों पर भी ध्यान देते हुए हर गांव को डेटा और हर गरीब को छत की भी चर्चा करते हुए खास उज्जवला योजना और कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों को अनाज देकर निरंतर उनका चूल्हा जलाए रखने की भी चर्चा की। विशाल देश में 55 करोड़ लोगों के वैक्सीनेशन की खास उपलब्धि भी बताई। कोरोना महामारी के दौर में कम समय में खुद के टीके के उत्पाद को विशेष उपलब्धि बताते हुए देश की जनसंख्या की तुलना में कम मौतों की चर्चा करते हुए हर मौतों के दर्द को भी साझा किया। वहीं चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ यानी हर कोरोना योध्दा के कार्यों की प्रशंसा भी की। अपने निराले अंदाज और खास सूत्रों के चलते अलग और दबंग पहचान रखने वाले नरेन्द्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से इस स्वतंत्रता दिवस पर देश को 8वीं बार संबोधित करते हुए 88 मिनट का भाषण दे पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी बन गए जिन्होंने 8 बार ध्वजारोहण किया। इसके पहले उन्होंने 2020 में 86 मिनट, 2019 में 92 मिनट, 2018 का 82 मिनट, 2017 में 57 मिनट, 2016 में 94 मिनट, 2015 में 86 मिनट तथा 2014 में 65 मिनट का भाषण दिया था। सबसे छोटा भाषण 2017 में दिया था जबकि सबसे बड़ा भाषण 2016 में दिया। इस तरह इन 8 सालोंके सारे भाषण को जोड़ दिया जाए नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से 10 घंटे 52 मिनट भाषण दिया। यह तो सच है कि भारत ने असाधारण समय में असंभव को संभव किया अब आगे उसी इच्छाशक्ति से हरेक भारतीय को चलना होगा ताकि 2022 में आजादी के 75 वर्ष का पर्व और भी गर्व से मना सकें। 21वीं सदी के इस दशक में भारत को नई नीति और नई रीति से ही बढ़ना होगा क्योंकि अब साधारण से काम चलने वाला नहीं। प्रधानमंत्री ने बड़ी दूरदर्शी शब्दों से उद्बोधन समाप्त कर बड़ा संदेश दिया जो सच भी है- यही समय है, सही समय है, भारत का अनमोल समय है।

ज्ञान गंगा

## सकारात्मक सोच

जग्गी वासुदेव

सारी दुनिया में बहुत सारे लोग 'सकारात्मक सोच' के बारे में बात करते हैं। जब आप सकारात्मक सोच की बात कर रहे हैं तो एक अर्थ में आप वास्तविकता से दूर भाग रहे हैं। आप जीवन के सिर्फ एक पक्ष को देखना चाहते हैं और दूसरे की उपेक्षा कर रहे हैं। आप तो उस दूसरे पक्ष की उपेक्षा कर सकते हैं लेकिन वो आप को नजरअंदाज नहीं करेगा। अगर आप दुनिया की नकारात्मक बातों के बारे में नहीं सोचते तो आप एक तरह से मूखरे के स्वर्ग (अवास्तविक दुनिया) में जी रहे हैं और जीवन आप को इसका सबक अवश्य सिखाएगा। अभी, मान लीजिए, आकाश में गहरे काले बादल छाए हैं। आप उनकी उपेक्षा कर सकते हैं मगर वे ऐसा नहीं करेंगे। जब वे बरसेंगे तो बस बरसेंगे। आप को भिगोयेंगे तो भिगोयेंगे ही। आप इसे नजरंदाज कर सकते हैं और सोच सकते हैं कि सबकुछ ठीक हो जाएगा-इसकी थोड़ी मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रासंगिकता हो सकती है पर अस्तित्व, वास्तविकता की दृष्टि से यह सुसंगत नहीं होगा। यह सिर्फ एक सांत्वना होगी। वास्तविकता से अवास्तविकता की ओर बढ़ते हुए, आप अपने आप को सांत्वना, धीरज दे सकते हैं। इसका कारण यह है कि आप को कहीं पर ऐसा लगता है कि आप वास्तविकता को संभाल नहीं सकते। और शायद आप नहीं ही संभाल सकते, अतः आप इस सकारात्मक सोच के वशीभूत हो जाते हैं कि आप नकारात्मकता को छोड़ना चाहते हैं और सकारात्मक सोचना चाहते हैं। या, दूसरे शब्दों में कहें तो आप नकारात्मकता से दूर जाना, उसका परिहार करना चाहते हैं। आप जिस किसी चीज का परिहार करना चाहें, वही आप की चेतना का आधार बन जाती है। आप जिसके पीछे पड़ते हैं, वह आप की सबसे ज्यादा मजबूत बात नहीं होती। आप जिससे दूर जाना चाहें, वो ही आप की सबसे मजबूत बात हो जाएगी। वो कोई भी, जो जीवन के एक भाग को मिटा देना चाहता है और दूसरे के ही साथ रहना चाहता है, वह अपने लिये सिर्फ दुख ही लाता है। आप जिसे सकारात्मक और नकारात्मक कहते हैं, वो क्या है? पुरुषत्व और स्त्रीत्व, प्रकाश और अंधकार, दिन और रात। जब तक ये दोनों न हों, जीवन कैसे होगा? यह कहना वैसा ही है जैसे आप कहें कि आप को सिर्फ जीवन चाहिये, मृत्यु नहीं।




# भारत बचाए अफगानी हिन्दुओं-सिखों को

- आर.के. सिन्हा

अफगानिस्तान में हालात काबू से लगातार बाहर होते जा रहे हैं। वहां राक्षसी प्रवृति के तालिबानी लड़ाके निर्दोष अफगानी नागरिकों, महिलाओं, पुरुषों को कत्लेआम करते जा रहे हैं। समझ नहीं आता कि कितने और लोगों को मारकर इन हैवानों की प्यास बुझेगी। अफगानिस्तान में दशकों-सदियों से बसे हुए हिन्दुओं और सिखों की जान भी गंभीर खतरे में है। उन पर तो तब भी हमले हो रहे थे, जब वहां पर कहने को हालात सामान्य बने थे। अफगानिस्तान में मौत के साए में रह रहे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत सरकार की चिंता वाजिब ही है। आखिर भारत उन हिन्दुओं और सिखों की चिंता नहीं करेगा तो विश्व में और कौन राष्ट्र करेगा। भारत को अब वहां मौजूद हिंदू और सिख परिवारों को सुरक्षित निकालने में देरी नहीं करनी चाहिए। अभीतक वहां से भारतीय राजनयिकों और अन्य भारतीयों को तो लगभग निकाला ही जा चुका है।भारत सरकार पहले भी सैकड़ों हिन्दू और सिख परिवारों को भारत लाने में ही मदद कर चुकी है। इसलिए साफ है कि अब भी अगर हिंदू और सिख समुदाय के लोग सुरक्षित निकलना चाहेंगे तो भारत उन्हें हरसंभव सहायता देगा ही । महत्वपूर्ण है कि अफगानिस्तान में अब भी सैकड़ों सिख और हिन्दू परिवार हैं। आपको याद ही होगा कि अफगानिस्तान में मानवता के शत्रु तालिबानियों के चंगुल से आजाद होने के बाद हिन्दुओं-सिखों के जत्थे यदा-कदा दिल्ली पहुंचते रहे हैं। उन्हें भारत में नागरिकता संशोधन कानून के तहत नागरिकता भी दी जायेगी। अफगानिस्तान में हिन्दू और सिखों का रहना बहुत पहले से ही नाममुकिन हो गया था। इन पर तालिबानी गुंडे लगातार जुल्मों-सितम कर रहे थे। उनपर इस्लाम धर्म को स्वीकार का दबाव डाला जा रहा था। जानवर से बदतर तालिबान ने ही बामियान की मशहूर बुद्ध प्रतिमा को विस्फोटक लगाकर ध्वस्त कर दिया था। बुद्ध की वह प्राचीन प्रतिमा विश्व भर में सबसे ऊंची बुद्ध की मूर्ति मानी जाती थी। जब बुद्ध प्रतिमा का अनादर हो रहा था तब ही संकेत मिल गया था कि आने वाले समय में अफगानिस्तान किस रास्ते पर चलेगा। उस बुद्ध प्रतिमा पर टैंक और भारी गोलियों से हमला किया गया था। आज पूरा विश्व कोरोना वायरस की महामारी के खिलाफ लड़ रहा है, ऐसे कठिन समय में तालिबानी उन्मादी जिस प्रकार मानवता के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं, वह किसी भी इन्सान के विश्वास से परे है। अफगानिस्तान में लगभग सारे हिन्दू मंदिर तबाह हो चुके हैं। यही हालात गुरुद्वारे के भी हैं। वह उदारवादी देश था। रेडियो काबुल से हिन्दी भजन भी अकसर सुनने को मिल जाते थे । उस वक़्त तक अफ़ग़ानिस्तान बहुत हद तक आधुनिक राष्ट्र हुआ करता था। आज जैसी भयानक मज़हबी कट्टरता वहां तब नहीं थी। काबुल में तब हिन्दू और सिख भी रहते थे, भले ही संख्या में कम थे। अफ़ग़ानिस्तान में बादशाह ज़हीर शाह के अपदस्थ होने के बाद कभी शान्ति आई ही नहीं। कहते हैं न कि कब अकबर के ख़ानदान में कोई औरंगज़ेब पैदा हो जाये कहा नहीं जा सकता। वक़्त पलटा और कट्टरता ने उदारवाद के परखच्चे उड़ा दिये। कभी औरंगज़ेब ने भारत में संगीत को बहुत गहरे में दफ़ना दिया था। तालिबानियों ने वही काम अफ़ग़ानिस्तान में किया। अफगानिस्तान में जब 1992 में रूस के समर्थन वाली सरकार गिरी और देश में गृहयुद्ध छिड़ा तो सैकड़ों सिख दिल्ली और भारत के दूसरे शहरों में जान बचाकर आ गए थे। इन सिखों का एक काबुली गुरुद्वारा भी है। इन्हें तुरंत इनकी पठाननुमा वेशभूषा के चलते पहचाना जा सकता है। सबने सलवार-कमीज पहनी होती है। ये आपस में पश्तो में ही बातें कर रहे होते हैं। आपको राजधानी में गुरुद्वारा सीसगंज, गुरुद्वारा बंगला साहिब और अन्य प्रमुख गुरुद्वारों में अफगानी सिख मिल जाएंगे। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता कि अफगानिस्तान के बचे हुए सारे हिन्दू-सिख भारत आ जाएं। यहां वे अपनी जिंदगी को नए सिरे से चालू करें। बेशक,अंधकार युग में जीने वाले देश में गैर-मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। इसलिए उन्हें वहां से निकल ही जाना चाहिए। उनके लिए भारत के अलावा दूसरा कोई देश नहीं है। भारत के लिए अफगानिस्तान के बदतर हो चुके हालात मानवीयता के साथ-साथ इसलिए भी गंभीर मोड़ ले चुके हैं क्योंकि वहां भारत के भारी निवेश का भविष्य खतरे में है। भारत ने अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों के प्रवेश के बाद बीते दो दशक में भारी निवेश किया है। भारत के वहां 400 से अधिक छोटे-बड़े प्रोजेक्ट हैं। अफगानिस्तान में भारत के सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट में काबुल में अफगानिस्तान की संसद है। इसके निर्माण में भारत ने लगभग 675 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसका उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2015 में किया था। इस संसद में एक ब्लॉक पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर समर्पित भी है। अफगानिस्तान में सलमा डैम हेरात प्रांत में 42 मेगावॉट का हाइड्रोपॉवर प्रोजेक्ट है। 2016 में इसका उद्घाटन हुआ था और इसे भारत-अफगान मैत्री प्रोजेक्ट के नाम से जाना जाता है। अभी हेरात प्रांत में अफगान सेना और तालिबान के बीच भारी जंग चल रही है। माना जा रहा है तालिबान का डैम के आसपास के इलाकों पर कब्जा हो चुका है। भारत बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन ने अफगानिस्तान में 218 किलोमीटर लंबा हाईवे भी बनाया है। ईरान के सीमा के पास जारांज से लेकर डेलारम तक जाने वाले इस हाईवे पर 15 करोड़ डॉलर खर्च हुए हैं। यह हाईवे इसलिए भी अहम है क्योंकि ये अफगानिस्तान में भारत को ईरान के रास्ते एक वैकल्पिक मार्ग देता है। इस हाईवे के निर्माण में प्रारंभ में ही भारत के 11 लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी थी। जारांज-डेलारम के अलावा भी कई सड़क निर्माण परियोजाओं में भारत ने निवेश कर रखा है। जारांज-डेलाराम प्रोजेक्ट भारत के सबसे महत्वपूर्ण निवेश में से एक है। पाकिस्तान अगर जमीन के रास्ते भारत को व्यापार से रोकता है तो उस स्थिति में यह सड़क बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि इस हाईवे पर तालिबानी नियंत्रण होता है, तो यह तो भारत के लिए एक बड़ा झटका होगा। पर, मोदी सरकार के लिए पहली प्राथमिकता तो अफगानिस्तान के हिन्दू-सिख परिवारों को सुरक्षित भारत लाना ही रहेगा। आप देख रहे होंगे कि अफगानिस्तान में हिन्दू-सिखों परिवारों की दुर्दशा को लेकर हमारे सेक्युलरवादी बिल्कुल भी चिंतित नहीं है। अब तो उनके मुंह में दही जम गया है। भारत सरकार को वहां भारतीय निवेश को लेकर भी पुनः विचार करना होगा। यह देखना होगा कि भारत का निवेश सुरक्षित रहे।



(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## आज का राशिफल

**मेष** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रोजी के अवसर बढ़ेंगे। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के चोरी या खोने की आशंका है। व्यावसायिक मामलों में लाभ मिलेगा।

**वृषभ** आर्थिक मामलों में सुधार होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। मांगलिक उत्सव में भाग लेंगे। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। संतान या शिक्षा के कारण चिंतित हो सकते हैं। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

**कर्क** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। विभागीय समस्या आ सकती है।

**सिंह** पारिवारिक जनों के साथ सुखद समय गुजरेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव हो सकता है।

**कन्या** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। मांगलिक उत्सव में हिस्सेदारी होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**तुला** प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। किया गया श्रम सार्थक होगा। संबंधित अधिकारी के कृपा पात्र होंगे। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**वृश्चिक** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**धनु** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नेत्र विकार की संभावना है। मन अशान्त रहेगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें।

**मकर** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। संबंधित अधिकारी से तनाव मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। कोई पारिवारिक व व्यावसायिक समस्या आ सकती है।

**कुम्भ** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। किसी अज्ञात भय से ग्रसित रहेंगे। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे।

**मीन** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुखद परिवर्तन की दिशा में व्यक्ति विशेष का सहयोग मिलेगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। रक्तचाप में वृद्धि होगी।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## रिटर्न भरने के पोर्टल की समस्याएं एक दो दिन में हो जाएंगी हल- सीतारमण

**बिजनेस डेस्क:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि ऑनलाइन आयकर रिटर्न भरने वाले नए पोर्टल पर आ रही समस्याएं एक दो दिन में दूर हो जाएंगी। सीतारमण ने कहा कि जून में जब इस पोर्टल को लांच किया गया था तब कुछ समस्याएं आईं थी और उसके बाद इस पोर्टल का संचालन करने वाली कंपनी इंफोसिस से संपर्क कर इसे दूर करने के लिए कहा गया था। राजस्व सचिव साप्ताहिक आधार पर इसका निगरानी कर रहे हैं और इस संबंध में इंफोसिस के नंदन निलेकणि ने भी प्रस्तुति दी थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में करदाताओं के भी कई सुझाव आए और उन्होंने पुराने पोर्टल को ही बहाल करने की अपील भी की लेकिन ऐसा नहीं किया जा सकता था क्योंकि नए पोर्टल पर जो व्यवस्थाएं की गई है वे पुराने पर नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस संबंध में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चाटर्ड अकाउंटेंट से भी संपर्क किया गया था। अब एक दो दिनों में सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी।

## वीआईएल की पहली तिमाही के कमजोर परिणाम के बाद विश्लेषकों ने चेताया

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की टेलीकम्यूनिकेशन कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) की पहली तिमाही के कमजोर परिणाम के मद्देनजर चेताया है। पहली तिमाही के परिणाम से कंपनी के उपयोगकर्ताओं की संख्या में गिरावट, प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) में कमी, बिगड़ते नकदी प्रवाह एवं बही खाते संबंधी चिंताएं बढ़ने का संकेत मिलता है। कई विश्लेषकों ने कहा है कि आगामी भुगतान दायित्वों के बीच कंपनी की व्यवहार्यता के लिए सरकारी या नियामकीय मदद काफी 'महत्व' रखती है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने अपने नोट में कहा कि उसे 'वीआईएल के लिए ऊंचा जोखिम और काफी चिंता' दिख रही है और बढ़ती अनिश्चितताओं के मद्देनजर, उसने वीआईएल के अनुमानों, रेटिंग और लक्ष्य मूल्य को आगे स्थिति स्पष्ट होने तक समीक्षा के तहत रखा है। उसने तेजी से बिगड़ते नकदी प्रवाह और बढ़ती देनदारियों को लेकर चिंता जताते हुए कहा, 'हमारा मानना है कि मौजूदा परिचालन से आगामी भुगतान दायित्वों के पूरा होने की संभावना नहीं है, और डिफॉल्ट के जोखिम से इंकार नहीं किया जा सकता है, बहुप्रतीक्षित टैरिफ वृद्धि और पूंजी प्रवाह अपर्याप्त है।' बोफा सिक्योरिटीज ने कहा कि परिणाम से पता चलता है कि वोडाफोन आइडिया को संरचनात्मक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उसने कहा, जब तक सरकार मदद के लिए कदम नहीं उठाती, हमें भारत में दो दूरसंचार कंपनियों वाला बाजार बनने का जोखिम दिखता है।

## टाटा मोटर्स ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र से किया करार

**नई दिल्ली ।** देश की वाहन कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने यात्री वाहनों के खरीदारों को लोन उपलब्ध कराने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) से करार किया है। इस योजना के तहत बीओएम, टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों के ग्राहकों को निचली दर पर कर्ज उपलब्ध कराएगा। इस भागीदारी के तहत ब्याज दर 7.15 फीसदी से शुरू होगी। यह रेपो से जुड़ी लोन रेट (आरएलएलआर) होगी। कंपनी सोमवार को बयान में कहा कि इस योजना के तहत वेतनभोगी कर्मचारियों, स्वयं रोजगार में लगे लोगों, पेशेवरों, कारोबारियों और कृषि क्षेत्र में लगे लोगों को वाहन की कुल लागत (ऑन-रोड) का 90 प्रतिशत तक कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी ने कहा कि कॉरपोरेट गाहकों को वाहन की कुल लागत का 80 प्रतिशत कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। टाटा मोटर्स यात्री कारोबार इकाई के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कि कहा कि महामारी की दूसरी लहर के प्रतिकूल प्रभाव से उबरने के लिए हमने व्यक्तिगत मोबिलिटी समाधान को अधिक सस्ता और पहुंच वाला बनाने का प्रयास किया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ भागीदारी के जरिए हम इस मुश्किल समय में अपने ग्राहकों के लिए विशेष कर्ज योजना की पेशकश कर रहे हैं।

# जुलाई में पाम तेल का आयात 43 फीसदी से घटकर 4.65 लाख टन रहा

**नई दिल्ली।**

देश में पाम तेल के निर्यात में कमी आई है। दरअसल, अधिक घरेलू स्टॉक होने के कराण भारत का पाम तेल आयात साल-दर-साल आधार पर 43.55 प्रतिशत घटकर जुलाई में 4.65 लाख टन सीमित रह गया। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। दुनिया के प्रमुख वनस्पति तेल खरीदार भारत ने जुलाई, 2020 में 8.24 लाख टन पाम तेल का आयात किया था। देश का कुल वनस्पति तेल आयात इस साल जुलाई में 37 प्रतिशत घटकर 9.17 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 15.17 लाख टन था। देश के कुल वनस्पति तेल आयात में पाम तेल का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक है। एसईए के अनुसार, घरेलू बाजार में स्टॉक ज्यादा होने के कारण पिछले महीने की तुलना में आयात में कमी आई है। सरकार ने 30 जून को इस साल दिसंबर तक आरबीडी पामोलीन और पामतेल के अंकुश रहित आयात की अनुमति देने का फैसला किया, जिसके बारे में एसईए का मानना है कि यह कदम घरेलू रिफाइनिंग करने वाली कंपनियों और तिलहन उत्पादकों के हितों के खिलाफ होगा। इससे दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) समझौते के तहत नेपाल और बांग्लादेश से शून्य शुल्क पर रिफाइंड तेलों के आयात की बाढ़ आ जायेगी। एसईए के आंकड़ों के मुताबिक पाम तेल उत्पादों में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का आयात इस साल जुलाई में घटकर 4.51 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 8.20 लाख टन था। कच्चे पाम कर्नेल तेल (सीपीकेओ) का आयात भी इसी अवधि में 4,800 टन से घटकर 250 टन रह गया।

हालांकि, इस साल जुलाई में आरबीडी पामोलिन का आयात 13,895 टन रहा, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 'शून्य' रहा था। हल्के तेलों में सोयाबीन तेल का आयात जुलाई में घटकर 3.79 लाख टन रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 4.84 लाख टन था।

## चांदी 505 रुपये टूटी, सोने में भी मामूली गिरावट



**नयी दिल्ली,** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 42 रुपये की गिरावट के साथ 45,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,002 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 505 रुपये की गिरावट के साथ 61,649 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो पिछले कारोबार में 61,974 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,774 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी 23.50 डॉलर प्रति औंस पर लगभग स्थिर बनी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा कि डॉलर के मजबूत होने से सोने का शुरुआती लाभ समाप्त हो गया।''

## ओप्पो ने भारत में कैमरा इनोवेशन लैब का किया सेटअप

**नई दिल्ली।**

स्मार्टफोन ब्रांड ओप्पो ने सोमवार को घोषणा की है कि उसने हैदराबाद में अपने अनुसंधान एवं विकास केंद्र में एक कैमरा इनोवेशन लैब का सेटअप किया है। लैब को स्थानीय सुविधाओं, एआई का उपयोग करके कैमरा समाधान विकसित करने और बेहतर यूजर्स अनुभव के लिए इमेजिंग सॉफ्टवेयर विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कैमरा लैब रात की वीडियोग्राफी, आसपास के अलग-अलग प्रकाश और प्रकाश तापमान आदि जैसे मुद्दों को हल करने के लिए नए समाधान बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। ओप्पो इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रमुख, आर एंड डी तसलीम आरिफ ने कहा, इस लैब सेट-अप के साथ, जब हम अपने यूजर्स के लिए सभी कैमरा अनुभव को बढ़ाने की दिशा में काम करते हैं, तो हमारा ध्यान वैश्विक समाधानों के स्थानीयकरण और नए समाधान विकसित करने पर है, जिन्हें वैश्वीकृत किया जा सकता है। प्रयोगशाला मध्य पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, अफ्रीका, जापान और यूरोप सहित अन्य देशों के लिए भी इनोवेशन का नेतृत्व करेगी। इसके अलावा, लैब वीडियो, स्टिल फोटोग्राफी और फुल डायमेंशन फ्यूजन (एफडीएफ) पोर्ट्रेट वीडियो सिस्टम तकनीक पर शोध के लिए समाधान विकसित करने की दिशा में भी काम करेगी। ओप्पो इंडिया के प्रमुख, कैमरा डिवीजन, आर एंड डी कौशल प्रकाश शर्मा ने कहा, अत्याधुनिक उपकरणों के साथ हम बहुत यथार्थवादी डेटासेट को ट्यून और जेनरेट करेंगे और अच्छे फीचर इमेजिंग और वीडियो शूटिंग अनुभव प्रदान करेंगे। 30 जून तक, ओप्पो ने दुनिया भर में 8,800 से अधिक छवि पेटेंट के लिए आवेदन किया है। कंपनी ने कहा कि लैब विभिन्न अवास्तविक रूप से सेट दृश्यों में फोन कैमरों के परीक्षण और लेस्ट से बनाए गए डेटा का विश्लेषण करने के लिए समर्पित है।

# ओला का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच शोरूम कीमत 99,999 रुपये

**मुंबई।**

भारतीय स्टार्टअप ओला ने देश में लंबे समय के इंतजार के बाद अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच कर दिया है। जिसकी एक्स शोरूम कीमत 99,999 रुपये है। वहीं ओला ने अपने एस1 इलेक्ट्रिक स्कूटर का प्रो वर्जन भी रखा है जिसकी कीमत 1.29 लाख रुपये है। बता दें कुछ समय पहले ही कई राज्य सरकारों ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर सब्सिडी की घोषणा की थी। जिसके बाद ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर को मार्केट में जमने के लिए काफी मदद मिलेगी। इसके साथ ही अगर आप भी ओला एस1 इलेक्ट्रिक स्कूटर को खरीदना चाहते है,तब केवल 499 रुपये देकर बुक कर सकते हैं।

ओला ने अपने एस1 इलेक्ट्रिक स्कूटर के 3 वेरिएंट लांच किए है। जिसमें बेसिक वेरिएंट में आपको 2 किलोवाट की मोटर मिलेगी जो आपको 45 किमी प्रति घंटा की रफ्तार देती है। इसके बाद मिडिल वेरिएंट में कंपनी ने 4 किलोवाट की मोटर दी है जो 70 किलो मीटर प्रतिघंटा की रफ्तार देती है। वहीं इसके टॉप वेरिएंट में 7 किलोवॉट की मोटर दी है, जो 95किलोमीटरप्रतिघंटा की रफ्तार देती है। ओला स्कूटर के लांच से पहले अंदाजा लगाया जा रहा था कि,ये 240 किलोमीटर तक की रेंज दे सकता है, जबकि ओला ने पुष्टि की है कि स्कूटर 150 किमी की ऑल-इलेक्ट्रिक रेंज देता है। एस 1 इलेक्ट्रिक स्कूटर को हाइपर चार्जिंग स्टेशन पर ढ़ाई घंटे में फुल चार्ज किया जा सकता है।वहीं कंपनी का दावा है कि इस स्कूटर को चार्जिंग स्टेशन पर केवल 18 मिनट में 50 फीसदी तक चार्ज किया जा सकता है। इसके साथ ही एस1 इलेक्ट्रिक स्कूटर घर पर 5 घंटा 30 मिनट में चार्ज हो सकता है।ओला ने इस स्कूटर में 7 इंच का टचस्क्रीन डिस्प्ले दिया है। जो आपको जीपीएस नेविगेशन देता है।वहीं इस स्कूटर में 4 जी कनैक्टिवटी यूट्यूब और कॉलिंग जैसी सुविधाओं के लिए मिलेगी। इसके साथ ही स्कूटर का इंटेलीजेंस आपको सर्विस के लिए भी इंडीकेट करता है। इसके साथ ही लॉन्चिंग में ये बात कंफर्म हो गई कि, कंपनी ने इस स्कूटर को 10 कलर ऑप्शन में बाजार में लांच किया।



# शेयर बाजार अपने नए रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

### सेंसेक्स 55,582 , निफ्टी 16,563 पर बंद



**मुंबई।**

मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील के शेयरों में लाभ से सेंसेक्स अपने नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 145.29 अंक करीब 0.26 फीसदी बढ़कर 55,582.58 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। वहीं दिन में एक समय यह 55,680.75 अंक के अपना सर्वकालिक उच्चस्तर पर भी पहुंचा। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी कारोबार की समाप्ति पर 33.95 अंक तकरीबन 0.21 फीसदी के लाभ से 16,563.05 अंक के अपने नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 16,589.40 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक करीब चार फीसदी बढ़ गया। बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर मारुति, बजाज ऑटो, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में कमी आई है। जानकारों के अनुसार प्रमुख सूचकांक आज लाभ में रहे हैं जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप नुकसान में रहे। उन्होंने कहा कि धातु शेयरों में तेजी तथा वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों में लाभ से निफ्टी को लाभ मिला है।

## भारत में अल्ट्रा-प्रीमियम गैलेक्सी जेड फोल्ड3 5जी की ब्रिकी 10 सितंबर से शुरु होगा

**मुंबई ।** शीर्ष प्रौद्योगिकी कंपनी सैमसंग ने कहा कि भारत में उसके अल्ट्रा-प्रीमियम गैलेक्सी जेड फोल्ड3 5जी और गैलेक्सी जेड फ्लिप3 5जी स्मार्टफोन की बिक्री 10 सितंबर से शुरु करेगा। इन स्मार्टफोन की कीमत 84,999 रुपये से शुरू होगी। प्रीमियम स्मार्टफोन श्रेणी में एपल की प्रतिद्वंदी कंपनी सैमसंग ने पिछले हफ्ते अपने गैलेक्सी अनपैक्ड कार्यक्रम में दो हाई-एंड फोल्डेबल स्मार्टफोन का अनावरण किया था। कंपनी ने कहा, भारत में उपभोक्ता गैलेक्सी जेड फोल्ड3 5जी और गैलेक्सी जेड फ्लिप3 5जी को सैमसंग डॉट कॉम और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर 24 अगस्त से 9 सितंबर, 2021 तक बुक कर सकते हैं। बिक्री 10 सितंबर, 2021 से शुरू होगी। गैलेक्सी फोल्ड3 5जी स्मार्टफोन दो संस्करण- 12 जीबी रैम और 256 जीबी मेमोरी (1,49,999 रुपये) और 12 जीएम रैम और 512 जीबी मेमोरी (1,57,999 रुपये) में उपलब्ध होगा। गैलेक्सी फ्लिप 3 5जी 128 जीबी संस्करण की कीमत 84,999 रुपये होगी, जबकि 256 जीबी मॉडल 88,999 रुपये में उपलब्ध होगा।

# पोको इंडिया लगातार दूसरी तिमाही में सबसे तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड बना

**बेंगलुरू।**

पोको इंडिया 2021 की लगातार दूसरी तिमाही में सबसे तेजी से बढ़ने वाले स्मार्टफोन ब्रांड के रूप में उभर रहा है। मार्केट रिसर्च फर्म आईडीसी के अनुसार, कंपनी ने 2021 की दूसरी तिमाही में पोको एक्स 3 प्रो, पोको एम 3 और पोको सी 3 के साथ 2021 की पहली छमाही में अधिकतम बिक्री की मात्रा के साथ 865 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। पोको इंडिया के कंट्री डायरेक्टर अनुज शर्मा ने कहा, केवल एक स्वतंत्र ब्रांड के रूप में पहचाने जाने से, हम 2021 की पहली छमाही में सभी श्रेणियों में बेहद शक्तिशाली उपकरणों के साथ सबसे तेजी से बढ़ते ब्रांड बन गए हैं और प्रदर्शन अनुपात के लिए सर्वोत्तम मूल्य की पेशकश करते हैं। शर्मा ने कहा, जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हम सर्वोत्तम तकनीक प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे और सम्मोहक प्रस्तावों और अपने संबंधित क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ उपकरणों को पेश करेंगे। कंपनी ने हाल ही में घोषणा की थी कि उसने भारत में फ्लिपकार्ट पर लॉन्च होने के केवल नौ महीनों के भीतर पोको सी 3 स्मार्टफोन की 20 लाख से अधिक इकाइयां बेची गई हैं। कंपनी के अनुसार, पोको सी 3 को यूजर्स से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है। लॉन्च के बाद से यह ऑनलाइन बेस्टसेलर बना हुआ है। कंपनी ने पिछले महीने भारत में नवीनतम 6एनएम डाइमेंशन 1200 चिपसेट के साथ अपने बहुप्रतीक्षित डिवाइस पोको एफ 3 जीटी का भी अनावरण किया है। मई के अंत में, कंपनी ने घोषणा की कि उसने पहली तिमाही (क्यू1 2021) में 300 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की है, जो देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड बन गया है।



## एसबीआई ने कार लोन ग्राहकों के लिए प्रोसेसिंग फीस पर दी छूट

**मुंबई।**

देश के स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई ) ने होम लोन पर लगने वाली प्रोसेसिंग फीस पर छूट देने की घोषणा की है। घोषणा के बाद, बैंक ने अब सभी चैनलों पर अपने कार लोन ग्राहकों के लिए प्रोसेसिंग फीस पर 100 प्रतिशत छूट की घोषणा की है। ग्राहक अपने कार लोन के लिए 90 प्रतिशत तक ऑन-रोड फाइनेंसिंग की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। एसबीआई योनो के माध्यम से कार ऋण के लिए आवेदन करने वाले ग्राहकों के लिए 25 बीपीएस की विशेष ब्याज रियायत की पेशकश कर रहा है। योनो एसबीआई के उपयोगकर्ता एक नई कार घर लाने की योजना बना रहे हैं, जो प्रति वर्ष 7.5 प्रतिशत की कम ब्याज दर पर ऋण का लाभ उठा सकते हैं। अपने गोल्ड लोन ग्राहकों के लिए, बैंक ब्याज दरों में 75बीपीएस की कमी की पेशकश कर रहा है। ग्राहक अब बैंक के सभी चैनलों से 7.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से गोल्ड लोन प्राप्त कर सकते हैं। बैंक ने योनो के माध्यम से गोल्ड लोन के लिए आवेदन करने वाले सभी ग्राहकों के लिए प्रोसेसिंग शुल्क भी माफ कर दिया है। अपने व्यक्तिगत और पेंशन ऋण ग्राहकों के लिए, बैंक ने सभी चैनलों पर प्रसंस्करण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट की घोषणा की है। बैंक ने व्यक्तिगत ऋण के लिए आवेदन करने वाले कोविड योद्धाओं यानी फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्कर्स को 50 बीपीएस की विशेष ब्याज रियायत की भी घोषणा की है, जो जल्द ही कार और गोल्ड लोन के तहत भी आवेदन के लिए उपलब्ध होगी। खुदरा जमाकताओं के लिए, बैंक स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर प्लैटिनम अवधि जमा शुरू कर रहा है। ग्राहक अब 15 अगस्त से 14 सितंबर, 2021 तक 75 दिनों, 75 सप्ताह और 75 महीने की अवधि के लिए अवधि जमा पर 15 बीपीएस तक अतिरिक्त ब्याज लाभ प्राप्त कर सकते हैं एसबीआई के एमडी (रिटेल एंड डिजिटल बैंकिंग)सीएस सेट्टी ने कहा, हमें त्योहारी सीजन से पहले अपने सभी खुदरा ग्राहकों के लिए कई पेशकशों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हमें विश्वास है कि ये पेशकश ग्राहकों को अपने ऋण पर और अधिक बचत करने में मदद करेगी। एक ही समय में उनके उत्सव समारोहों में मूल्य जोड़ें। एसबीआई में हमारा निरंतर प्रयास है कि हम अपने सभी मूल्यवान ग्राहकों को सर्वोत्तम वित्तपोषण समाधान प्रदान करें और उनकी जरूरतों और आवश्यकताओं को पूरा करने में उनकी मदद करें।

## भारत की होलसेल इन्फ्लेशन का क्रमिक रूप जुलाई में 11.16 प्रतिशत रहा



**नई दिल्ली।**

खाद्य उत्पादों की कीमतों में नरमी, प्राथमिक वस्तुओं ने क्रमिक रूप से भारत की जुलाई 2021 की थोक मुद्रास्फीति में गिरावट दर्ज की गई है। थोक मूल्यों पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर पिछले महीने बढ़कर 11.16 प्रतिशत हो गई, जो जून में 12.07 प्रतिशत थी। हालाँकि, साल-दर-साल के आधार पर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) डेटा जुलाई 2020 में तेजी से बढ़ी थी। जुलाई 2020 में महंगाई दर माईनस0.25 फीसदी थी। इंडेक्स नंबर्स द होलसेल प्राइस इन इंडिया की समीक्षा ने कहा,मुद्रास्फीति की वार्षिक दर जुलाई, 2021 (जुलाई, 2020 से अधिक) के लिए 11.16 प्रतिशत (अनंतिम) है, जबकि जुलाई, 2020 में 0.25 प्रतिशत की तुलना में। जुलाई 2021 में मुद्रास्फीति की उच्च दर के मुख्य रूप से कम आधार प्रभाव रहा है। कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों में वृद्धि, खनिज तेल, मूल धातु जैसे निर्मित उत्पाद, खाद्य उत्पाद, कपड़ा,रसायन और रासायनिक उत्पाद, आदि पिछले वर्ष के इसी महीने कम रहा है। क्रमिक आधार पर, प्राथमिक वस्तुओं पर खर्च, जो कि थोक मूल्य सूचकांक के कुल भार का 22.62 प्रतिशत है, जून 2021 में 7.74 प्रतिशत की तुलना में 5.72 प्रतिशत की धीमी दर से बढ़ा है। इसी तरह, खाद्य पदार्थों की कीमतें जून में 6.66 प्रतिशत की तुलना में धीमी दर से 4.46 प्रतिशत बढ़ी है।

साल-दर-साल आधार पर, ईंधन और बिजली श्रेणी की लागत में माइनस9.84 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 26.02 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा, विनिर्मित उत्पादों की श्रेणी की लागत 0.59 प्रतिशत के मुकाबले 11.20 प्रतिशत बढ़ी है।

# टेस्ला ने नए फुल सेल्फ-ड्राइविंग बीटा अपडेट को आगे बढ़ाया

**सैन फ्रांसिस्को।**

इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने अपने फुल सेल्फ-ड्राइविंग बीटा प्रोग्राम के लिए एक नए सॉफ्टवेयर अपडेट पर जोर दिया है। कंपनी के सीईओ एलोन मस्क ने अपडेट में सुधार जारी किया, साथ में यह भी बताया कि व्यापक रिलीज कब होने वाली है। इलेक्ट्रेक के अनुसार, टेस्ला फुल सेल्फ-ड्राइविंग बीटा के लिए एक नया वी 9.2 अपडेट देना शुरू कर रहा है, लेकिन यह अभी भी केवल अर्ली एक्सेस प्रोग्राम के लिए है। सीईओ ने रिलीज नोट्स साझा किए, मामूली से बड़ी सड़कों पर टर्न-टू-गो बूस्ट (सभी सड़कों पर विस्तार करने की योजना वी 9.3), बेहतर पीक व्यवहार जहां हम लीड कार के आसपास जाने में आगे हैं। मुख्य कार के धीमे होने के कारणों आदि के बारे में तर्क है। उन्होंने कहा, अद्यतन ने नए क्रॉसिंग,विलय लक्ष्य नेटवर्क के लिए दृष्टि और वेक्टर अंतरिक्ष प्रक्रियाओं और छाया मोड के बीच इंटर-एसओसी सिंक्रोनस कंप्यूट शेड्यूलिंग को सक्षम किया है, जो वीआरयू नियंत्रण में सुधार करने में मदद करेगा। यह अपडेट सिस्टम के ड्राइविंग व्यवहार पर केंद्रित है, जिससे ऑटोनॉमस ड्राइविंग सिस्टम स्मार्ट हो जाएगा। व्यापक रिलीज की समय-सीमा के लिए, जिसे डाउनलोड बटन के रूप में भी संदर्भित किया गया है, मस्क ने टिप्पणी की है कि टेस्ला को अभी भी वी 10 से पहले अर्ली एक्सेस प्रोग्राम के लिए कम से कम एक या दो और अपडेट जारी करने की आवश्यकता होगी। हालाँकि, सीईओ ने इस अपडेट के वास्तविक समय को अभी नहीं बताया है।



Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




## सहवाग ने गेंद से छेड़खानी मामले में इंग्लैंड पर उठाये सवाल

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने इंग्लैंड के खिलाड़ियों पर गेंद से छेड़खानी मामले (बॉल टेंपरिंग) को लेकर सवाल उठाये हैं। भारत के साथ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन भारतीय टीम की बल्लेबाजी के दौरान इंग्लैंड के खिलाड़ी गेंद को जूते के साथ पहले घिसते हुए और फिर उसके बाद में गेंद को रगड़ते हुए दिखाई दिए। इंग्लैंड के खिलाड़ियों की यह हरकत कैमरे पर रिकॉर्ड हो गई और सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर भी तेजी से वायरल हो रही है। पूर्व सलामी बल्लेबाज सहवाग ने इसे गेंद से छेड़खानी का मामला बताया है। लंच के बाद जब भारतीय बल्लेबाज क्रीज पर आए तो इंग्लैंड के दो खिलाड़ी पैरों के साथ गेंद के साथ खेलते हुए दिखाई दिखाई दिए। इसमें एक खिलाड़ी दूसरे खिलाड़ी को पैरों के साथ गेंद को पास कर रहा है जबकि दूसरा खिलाड़ी गेंद को जूते के नीचे लगे स्पाइक्स (कील) के साथ दबाने की कोशिश कर रहा है। इस फुटेज में इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी का चेहरा नहीं दिखाई दे रहा है। भारतीय क्रिकेट टीम ने हालांकि इस मामले को लेकर मैच रेफरी से कोई शिकायत नहीं की है और ना ही इस अब तक इसकी कोई पुष्टि हुई है पर सहवाग ने इस पर जरूर सवाल उठाए हैं। सहवाग ने ट्वीट करते हुए लिखा कि ये क्या हो रहा है। क्या यह बॉल टेंपरिंग है या फिर कोविड से बचाव के उपाय हैं।

नीरज ने भालाफेंक को पहचान दिलाई ,

# पैरालम्पिक में भी जीतेंगे स्वर्ण : झझारिया



**नई दिल्ली ।**

जब उन्होंने 2004 में एथेंस पैरालम्पिक में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता तो कोई भालाफेंक को जानता तक नहीं था लेकिन ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण के बाद अब टोक्यो पैरालम्पिक में सभी की नजरें दो बार के चैम्पियन देवेंद्र झझारिया पर होंगी जो सफलता के इस सिलसिले को कायम रखने को बेताब हैं। एथेंस में 2004 और रियो में 2016 पैरालम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भालाफेंक पैरा एथलीट झझारिया ने कहा कि नीरज के स्वर्ण ने भारत में भालाफेंक को सम्मान और पहचान दिलाई है और इस सिलसिले को वह तोक्यो पैरालम्पिक में बरकरार रखना चाहेंगे। झझारिया ने गुजरात के गांधीनगर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र से कहा कि जब मैने एथेंस में 2004 पैरालम्पिक में विश्व रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता तो इतना नाम नहीं मिला क्योंकि कोई इस खेल को जानता ही नहीं था लेकिन 2016 में जब दूसरा स्वर्ण जीता तो भारत सरकार ने खेलरत्न दिया और सम्मान भी मिला। अब तो नीरज के स्वर्ण पदक के बाद भालाफेंक का चर्चा हर किसी की जबां पर है। राजस्थान के चुरू जिले के रहने वाले 40 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा कि अब वह दिन आ गया है कि देश का हर नागरिक भालाफेंक को जानने लग गया है। मुझे पता है कि अब बहुत लोगों की नजरें मेरे प्रदर्शन पर होगी और मीडिया कवरेज भी अच्छी है। नीरज के स्वर्ण के बाद अपेक्षाओं के दबाव के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि मैं दबाव नहीं लेता क्योंकि मेरे पास लगभग 19 साल का अनुभव है। लेकिन मैं चुनौती को हलके में नहीं लेता क्योंकि पैरालम्पिक सबसे बड़ा मंच है और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा एथलीट इसमें होंगे। मैं अपनी ओर से पूरी कोशिश करूंगा कि विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीत सकूं। ओलंपिक और पैरालम्पिक के दबाव के आगे बड़े बड़े खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते और ऐसे में इतनी कम उम्र में नीरज का प्रदर्शन और भी खास है। खेलरत्न से नवाजे जा चुके झझारिया ने कहा कि ओलंपिक में बहुत दबाव रहता है। छह सात महीने पहले ही जर्मनी के जोहानेस वेटर ने 90 मीटर का थ्रो कई बार फेंका और उसे स्वर्ण का दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह फाइनल के लिये भी क्वालीफाई नहीं कर सका। वहीं 23 साल के नीरज ने इतनी शानदार परफार्मेंस दी । उन्होंने कहा कि नीरज के प्रदर्शन से भालाफेंक के प्रति लोगों का नजरिया बदला। ट्रैक और फील्ड में ओलंपिक में भारत का पहला पदक और वह भी स्वर्ण पदक, यह बहुत बड़ी बात है। उसने लगभग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। झझारिया ने कहा कि पैरालम्पिक में भी प्रदर्शन अच्छा रहने पर भारत में भालाफेंक की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ेगा। अगर पैरालम्पिक खिलाड़ी भी भालाफेंक में उस प्रदर्शन को दोहरा पाते हैं तो आने वाले समय में गली में बच्चे आपको बल्ला और गेंद की बजाय हाथ में भाला लिये खेलता नजर आए। भारतीय एथलेटिक्स के लिये यह स्वर्ण टर्निंग प्वाइंट साबित हो सकता है। भारत का 54 सदस्यीय पैरालम्पिक दल 18 अगस्त को तोक्यो रवाना होगा जिससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाड़ियों से वीडियो कांफ्रेस के जरिये बात करेंगे।

# विनेश फोगट ने कुश्ती फेडरेशन ऑफ इंडिया से मांगी माफी, इस कारण किया था निलंबित



**स्पोर्ट्स डेस्क।**

पहलवान विनेश फोगट ने हाल ही में टोक्यो ओलंपिक समापन में अनुशासनात्मक मुद्दों पर उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित करने के बाद कुश्ती फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) से माफी मांगी है। डब्ल्यूएफआई के सूत्रों ने एक न्यूज एजेंसी को बताया, उसने एक ई-मेल भेजा है, समिति उसकी प्रतिक्रिया देखेगी और यह निर्भर करता है कि वे इससे संतुष्ट हैं या नहीं। अनुशासन समिति कॉल करेगी। डब्ल्यूएफआई ने टोक्यो ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगट के व्यवहार को लेकर उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। तब महासंघ को पहलवान के जवाब का इंतजार था। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने एक न्यूज एजेंसी को बताया, हां, एक अस्थायी निलंबन दिया गया है, हम उनके जवाब का इंतजार कर रहे हैं और फिर हम आगे की कार्रवाई तय करेंगे। पहलवान विनेश हंगरी से टोक्यो गई थी जहां वह कोच वोलर अकोस के साथ प्रशिक्षण ले रही थी। वहां पहुंचने पर उसने खेल गांव में रहने और अन्य भारतीय टीम के सदस्यों के साथ प्रशिक्षण से इनकार कर दिया। विनेश फोगट की ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने की उम्मीदें उस समय धराशायी हो गईं जब वह क्वार्टर फाइनल में बेलारूस की प्रतिद्वंद्वी वेनेसा कलादजस्किाया से सेमीफाइनल में हार गईं थी।



## मेस्सी के अलग होने के बाद बार्सीलोना ने जीत से किया सत्र का आगाज

**मैड्रिड ।**

17 साल में पहली बार दिग्गज लियोनेल मेस्सी के बिना सत्र का आगाज करते हुए बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल सोसिदाद को 4-2 से हराया। मैच के दौरान हालांकि बार्सीलोना के प्रशंसक मेस्सी के नाम का नारा लगा रहे थे। खेल के 10वें मिनट में दर्शकों का शोर सबसे ज्यादा था, यह इस बात का संकेत था कि मेस्सी बार्सीलोना के लिए 10 नंबर की जर्सी पहनते थे। बड़ी संख्या में दर्शक यहां मेस्सी के नाम की जर्सी के साथ पहुंचे थे जबकि कुछ बैनर पर संदेश लिख कर उन्हें सम्मान दे रहे थे। बार्सीलोना के लिए मार्टिन ब्रैथवेट ने दो जबकि गेरार्ड पिक और सर्जियो रोबर्टो ने एक-एक गोल किए। सोसिदाद के लिए जूलेन लोबेटे और मिखेल ओयार्जाबल ने गोल दागे। लीग के अन्य मुकाबलों में गत चैम्पियन एटलेटिको मैड्रिड ने सेल्टा विगो पर 2-1 जबकि सेविल्ला ने रायो वालेकाने को 3-0 से शिकस्त दी।

# पीएम मोदी ने भारतीय ओलंपिक दल से मुलाकात की, हॉकी टीम ने भेंट में दी स्टिक

**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से भारतीय खिलाड़ियों के टोक्योओलंपिक में शानदार प्रदर्शन की सराहना करने के बाद सोमवार को अपने आवास पर भारत के ओलंपिक दल से नाश्ते पर मुलाकात की । भारतीय खिलाड़ियों ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते जो अब तक ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। नीरज चोपड़ा ने भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीता जो एथलेटिक्स में भारत का पहला पदक है। मोदी ने चोपड़ा और पी वी सिंधू से नाश्ते के दौरान बातचीत भी की। सिंधू दो ओलंपिक पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय और पहली महिला खिलाड़ी हैं। वह अपने साथ रियो ओलंपिक 2016 में जीता रजत पदक भी लाई थी। भारत को 41 साल बाद ओलंपिक में हॉकी का पदक दिलाने वाली पुरूष हॉकी टीम से भी प्रधानमंत्री ने बात की। टीम ने सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली हॉकी स्टिक



प्रधानमंत्री को भेंट की। प्रधानमंत्री ने कप्तान मनप्रीत सिंह से भी बातचीत की। ओलंपिक से दो पदक लेकर लौटे कुश्ती दल से भी प्रधानमंत्री ने बातचीत की। टोक्यो ओलंपिक में पहलवान रवि दहिया ने रजत और बजरंग पूनिया ने कांस्य पदक जीता। अनुशासनात्मक कारणों से निलंबित पहलवान विनेश फोगाट, सीमा बिस्ला, अंशु मलिक और कोच जगमंदर सिंह भी इस मौके पर मौजूद थे। भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने पहले ही दिन रजत पदक जीतकर भारत के अभियान की शुरूआत की थी। मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कांस्य पदक जीता। भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहली बार ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाई।


संक्षिप्त समाचार



## टेनिस : ओपेल्का को हराकर मेदवेदेव ने जीता टोरंटो में खिताब


**टोरंटो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने सोमवार को यहां अपना चौथा एटीपी मास्टर्स 1000 का ताज हासिल किया। इसके लिए मेदवेदेव ने अमेरिकी खिलाड़ी रेली ओपेल्का को 6-4, 6-3 से हराया। मेदवेदेव 2000 में मराट साफिन के बाद नेशनल बैंक ओपन खिताब जीतने वाले पहले रूसी खिलाड़ी बन गए हैं। 25 वर्षीय मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में जॉन इस्नर को हराया था। मेदवेदेव ने इसे सफलतापूर्वक 6 फुट 11 इंच लम्बे ओपेल्का के खिलाफ भी दोहराया और शानदार जीत हासिल की। मेदवेदेव ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं एक समय में इसके बारे में सपने में भी नहीं सोच सकता था। मास्टर्स के साथ, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के साथ खेलने की तरह यह एक अछूत उपलब्धि की तरह लग रहा था। अब मेरी पांच फाइनल में चार जीत हैं, जो एक अच्छा स्कोर है। मैं बस खुश हूं। मैं और अधिक हासिल करना चाहता हूं। मैं मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने इसे कनाडा में हासिल किया।विश्व नंबर-2 ने अब 12 टूर-स्तरीय खिताब जीते हैं, जिनमें से 11 जीत हार्ड कोर्ट पर आई हैं। वह मास्टर्स 1000 फाइनल में 4-1 रिकॉर्ड के मालिक हैं। सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में ट्राफियां भी जीत चुके हैं।

## बेंगलुरु का एएफसी कप साउथ जोन के ग्रुप डी में प्रवेश



**मालदीव।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब बेंगलुरु एफसी ने रविवार शाम को नेशनल स्टेडियम में मालदीव के क्लब ईगल्स पर 1-0 से जीत दर्ज करने के बाद एएफसी कप के ग्रुप डी, साउथ जोन के लिए क्वालीफाई कर लिया है। टीम के नए खिलाड़ी जयेश राणे ने 26वें मिनट में गोल किया। सुनील छेत्री की अगुवाई वाली बेंगलुरु एफसी अब आईएसएल की साथी एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी), मालदीव की मजिया स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन और बांग्लादेश की बशुंधरा किंग्स के साथ ग्रुप डी में शामिल हो गई है। अब ग्रुप डी में 18 अगस्त को बेंगलुरु एफसी को एटीकेएमबी के खिलाफ मैच खेलना है। 2018/19 आईएसएल चैंपियन टीम के खिलाड़ी ने 26वें मिनट में बखूबी खेल दिखाया। सार्थक गोलुई का एक थ्रो-इन मालदीव के एक खिलाड़ी के सिर से लगा और गेंद राणे के पास गिरी, जिन्होंने कोई गलती नहीं की और गोलकीपर को मात दे कर बेंगलुरू एफसी के लिए गोल कर दिया। 44वें मिनट में बेंगलुरू एफसी को बड़ा झटका लगने से गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने बचा लिया जब गोलुई के पैर से बॉल अपने ही गोल पोस्ट की और निकल गई थी। दूसरे हाफ में, बेंगलुरू एफसी ने खेल को नियंत्रित किया और मालदीव को वापस आने का कोई मौका नहीं दिया। 67वें मिनट में जब ईगल्स स्कोरिंग के करीब आया तब बेंगलुरु एफसी के दो डिफेंडरों ने सफलतापूर्वक चकमा दिया और शॉट को गोल होने से बचा लिया।

# घुटने के आपरेशन के कारण यूएस ओपन नहीं खेलेंगे फेडरर, वापसी की मामूली उम्मीद



**बासेल ।**

रोजर फेडरर दाहिने घुटने के तीसरे आपरेशन के कारण अमेरिकी ओपन नहीं खेलेंगे और उन्हें कई महीने टेनिस से दूर रहने के बावजूद वापसी की मामूली सी ही सही लेकिन उम्मीद है। फेडरर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर वीडियो संदेश के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैंने कई डॉक्टरों को दिखाया और हर तरह की जानकारी ली । मेरा घुटना ग्रासकोर्ट सत्र और विम्बलडन के दौरान और चोटिल हो गया। उन्होंने मुझे कहा कि सर्जरी की जरूरत है और मैने उनकी राय मानने का फैसला किया। मैं कई सप्ताह तक बैसाखियों पर रहूंगा और कई महीनों टेनिस से दूर भी। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन 40 वर्ष के फेडरर ने स्वीकार किया कि शायद उनका कैरियर पूरा हो चुका है लेकिन कहा कि वह एक और वापसी के लक्ष्य के साथ घुटने का उपचार करा रहे हैं।मैं स्वस्थ रहना चाहता हूं। मैं खुद को उम्मीद की एक किरण देना चाहता हूं कि टूर पर वापसी कर सकूंगा। उन्होंने कहा कि मैं यथार्थवादी हूं। मुझे पता है कि इस उम्र में यह कितना मुश्किल है। फेडरर 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन के बाद लगभग एक साल टेनिस से इसी वजह से दूर रहे। वह मई में फ्रेंच ओपन के जरिये लौटे और तीन जीत के बाद नाम वापिस ले लिया । विम्बलडन में वह क्वार्टर फाइनल में हार गए और घुटने की चोट की वजह से तोक्यो ओलंपिक नहीं खेले । सत्र का आखिरी ग्रैंडस्लैम अमेरिकी ओपन 30 अगस्त से शुरू होगा।

## ओलंपिक खिलाड़ियों से नाश्ते पर मिले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों से अपने आवास पर नाश्ते पर मुलाकात की। सोशल मीडिया पर ब्रेकफास्ट के बाद की तस्वीरें शेयर की गईं और तस्वीरों में एथलीट इस पल का लुत्फ उठाते नजर आए। रविवार को, प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में, भारतीय ओलंपिक एथलीटों की सराहना करते हुए कहा था कि आप सब ने देश को गौरवान्वित किया है जिस पर पूरे देश को गर्व है, और यह भी कह कि उनकी उपलब्धि ने भविष्य की पीढ़ी को भी प्रेरित किया है। भारत का यह ओलंपिक अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ रहा है, टोक्यो में भारत के नाम कुल सात पदक आए जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य हैं।





## शुभमन गिल फिट हुए, आईपीएल के लिए तैयार



**नई दिल्ली।** चोटिल भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बाएं पैर की पिंडली की चोट से उबरने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे मैचों में खेलने के लिए तैयार हैं। एक सूत्र ने कहा, गिल राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं और अपने पिंडली के दर्द से उबर चुके हैं। वह जल्द ही आईपीएल के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए रवाना होंगे। वह एक हफ्ते से एनसीए में हैं। गिल, जो आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रतिनिधित्व करेंगे, ने जून में इंग्लैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलने के बाद अपने बाएं पैर में दर्द का अनुभव किया था। वह उसी वक्त घर लौट आए थे। भले ही जून के अंत में गिल के चोटिल होने की खबर सार्वजनिक रूप से सामने आई थी, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले महीने के अंत में ही इसकी पुष्टि की थी। गिल ने आईपीएल 2021 के पहले चरण में सात मैचों में 132 रन बनाए थे।

# अन्य खेलों को पहचान मिलते देख अच्छा लग रहा है : बॉक्सर बिधूड़ी



**नई दिल्ली।**

विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके मुक्केबाज गौरव बिधूड़ी को लगता है कि टोक्यो ओलंपिक की सफलता के साथ क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों को भी उचित पहचान मिल रही है। बिधूड़ी ने आईएएनएस को बताया, अन्य खेलों का बाजार मूल्य भी बढ़ गया है। लोगों ने ओलंपिक खेलों को देखना और उनकी सराहना करना शुरू कर दिया है, जो एथलीटों के लिए अच्छा है। गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा को अच्छे ब्रांड मिल रहे हैं। यह बहुत अच्छा लगता है कि क्रिकेट के अलावा अन्य खेल भी हैं यह मान्यता मिल रही है।रिपोर्टें के अनुसार, चोपड़ा की ब्रांड वैल्यू उनकी ओलंपिक जीत के बाद से 10 गुना बढ़ गई है, जिससे उन्हें कुछ शीर्ष भारतीय एथलीटों के बराबर लाया गया है। गौरव ने कहा, मैंने कहीं पढ़ा है कि, ब्रांड विशेषज्ञों के अनुसार, नीरज ने भारतीय एथलीटों के कुलीन क्लब में प्रवेश किया है, जिनकी ब्रांड वैल्यू दर्जनों द्वारा समर्थन में बढ़ सकती है। वे कहते हैं कि वह कुछ शीर्ष क्रिकेटरों को भी पीछे छोड़ सकता है। यह युवाओं के लिए बहुत उत्साहजनक है। 23 वर्षीय चोपड़ा निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद भारत के लिए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। दिल्ली के मुक्केबाज बिधूड़ी ने इन दिनों सरकार से जिस तरह के समर्थन एथलीटों को मिल रहा है, उसकी सराहना की। उन्होंने कहा, सरकार हर संभव तरीके से एथलीटों की मदद कर रही है। टॉप्स (लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना) अच्छा है; खेलो इंडिया एक महान मंच है। एथलीटों को उचित मान्यता मिली है। पीएम मोदी एथलीटों को आमंत्रित कर रहे हैं स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए । मैं आपको बता भी नहीं सकता कि एथलीट क्या सोच रहे होंगे। यह कई लोगों के लिए एक सपने के सच होने जैसा होगा। इस तरह की प्रशंसा और पुरस्कार भारत को एक खेल शक्ति बनने में मदद करेंगे।

## ओडिशा एफसी ने अरिदाई कैबरेरा के साथ किया करार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी ने स्पेनिश विंगर अरिदाई कैबरेरा के साथ करार किया है। अब वे इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आठवें संस्करण में क्लब के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। ओडिशा एफसी में शामिल होने के बाद, अरिदाई ने कहा, मैं भारत में खेलने के लिए काफी उत्साहित हूं। मैं जल्द ही अपने साथियों से मिलना चाहता हूं और आने वाले सीजन की तैयारी शुरू करना चाहता हूं। मैं यह भी सुनिश्चित करता हूं कि ओडिशा एफसी आने वाले सीजन में अच्छा प्रदर्शन करेगी। अरिदाई के साथ करार के बारे में बोलते हुए क्लब के मुख्य कोच किको रामिरेज ने कहा, अरिदाई एक शानदार खिलाड़ी हैं। उनके पास वो कला है जो खेल को कभी भी बदल सकती है। वह तकनीकी रूप से सक्षम खिलाड़ी है, वह एक ड्रिब्लर भी है और उसकी गति उसको एक अलग फुटबॉलर बनाता है। वह अपने खेल से लोगों को प्रेरित भी करता है, वह आईएसएल में बड़ा प्रभाव डाल सकता है। ओएफसी के अध्यक्ष राज अठवाल ने कहा, अरिदाई एक कुशल और रोमांचक खिलाड़ी है, जिसके पास खेल में ज्ञान और अनुभव है, यह हमारे लिए यूवा खिलाड़ियों के टोली के लिए काफी फायदेमंद रहेगा।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# कैसे दिखे आप स्मार्ट व हेल्दी



**हर स्मार्ट लडकी हमेशा चमकते और दमकते रहना चाहती है। जाहिर है, आप भी चाहती होंगी। यहां ब्यूटी एक्सपर्ट सुषमा खान बता रही हैं ऐसे ही उपयोगी ब्यूटी सीक्रेट्स, जो आपको देंगे एक नई पहचान।**

### काजल और लिपलाइनर हमेशा लगाना

आपका ब्वॉयफ्रेंड अचानक आपको कॉफी का ऑफर दे सकता है या एक ही घंटे में आपको इंटरव्यू के लिए जाना पड सकता है। इसलिए काजल और लिपलाइनर का इस्तेमाल जरूर करें। सुषमा के मुताबिक काजल भारतीय स्त्री की खूबसूरती में हमेशा ही चार चांद लगाता है। यह आंखों का आकर्षण बढाने का आसान तरीका है। इसी तरह लिपलाइनर भी लगाना जरूरी होता है, क्योंकि यह लंबे समय तक टिकता है और फैलता भी नहीं है। अगर आप अपनी पसंदीदा लिपस्टिक लगा रही हैं तो साथ में लिपलाइनर लगाना न भूलें।

### इसे आजमाएं

मैक स्मोल्डर इंटेंस ब्लैक आई कोल, शैंबूर लिप टैटू लाइनर

### सनस्क्रीन जरूर लगाना

यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह सौंदर्य बढाने में मदद नहीं करती बल्कि त्वचा को धूप की तेज अल्ट्रावॉयलेट किरणों से सुरक्षा प्रदान करती है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. जमुना पई के मुताबिक धूप से बचने के लिए हर चार घंटे में सनस्क्रीन का प्रयोग करना जरूरी है। शोध से यह पता चलता है कि यूवीए किरणें त्वचा के सांवलेपन का कारण होती हैं। साथ ही ब्राउन स्पॉट और झुर्रियां भी इन्हीं के कारण होती है। इसलिए चाहे घर पर रहे या बाहर निकलें, लेकिन सनस्क्रीन जरूर लगाएं। लेकिन सनस्क्रीन के नाम पर कोई भी प्रोडक्ट न खरीद लें। उसका लेबल जरूर पढ लें। उसमें दिया गया एसपीएफ यूवीबी किरणें, जो त्वचा के झुलसने और स्किन कैंसर होने से बचाता है। एसपीएफ 15 से 30 भारतीय स्किन टाइप के लिए मुफीद होते है। उसमें मौजूद सामग्री पर भी ध्यान दें जो वास्तव में आपको यूवीए किरणों से सुरक्षा प्रदान करने में मदद करें।



### इसे आजमाएँ

सनसिल्क ब्लैकशाइन विद आंवला पर्ल कॉम्पलेक्स, डव इंटेंस डैमेज थेरेपी शैंपू एंड कंडिशनर

### सही शेप में हों आइब्रोज

पार्लर में जब आप जाती हैं तो वहां हमेशा जूनियर ब्यूटीशियन ही आइब्रोज बनाने के लिए क्यों तैयार रहती है? आइब्रोज बहुत महत्वपूर्ण फीचर है। वह जैसी शेप बना देंगे आप वैसी ही दिखने लगेंगी। इनके साथ एक्सपेरिमेंट न करें। सीनियर ब्यूटीशियन से ही बनवाएं। आइब्रोज की शेप से पता चलता है कि आप गुस्सैल हैं, हंसमुख, खुशमिजाज, चतुर या सौम्य हैं। इसलिए परफेक्ट शेप रखें। यह ध्यान दें कि आपकी आइब्रोज आपकी आंखों की लाइन के पास से ही शुरू हों और आंखों के कोनों के बाहर तक खत्म हों। जब आपको लगे कि आपकी आइब्रोज की शेप बिगड रही है, लापरवाही न करें और थ्रेडिंग जरूर कर लें।

### मेहंदी और ऑयल ट्रीटमेंट

रेशमी बाल और चमकदार त्वचा हर स्त्री का गहना होते हैं। इसलिए हफ्ते में एक बार हॉट ऑयल मसाज बेहद जरूरी है। स्कैल्प में तेल जज्ब हो जाए इसलिए मसाज के बाद बालों में गर्म तौलिया लपेटें। मसाज के लिए कोकोनट ऑयल का ही इस्तेमाल करें। ऑलिव ऑयल बालों के लिए हेवी हो सकता है।

### भरपूर नींद

रातभर तारे ही गिनती न रह जाएं। रोजाना समय पर सोने के लिए ठान लें और नियम बनाएं कि आप एक निश्चित समय पर सोएंगी। टिश्यू और सेल्स को रेजुवेनेट करने के लिए नींद बहुत जरूरी है। त्वचा को रेजुवेनेट करने के लिए रात में एक अच्छी नाइट क्रीम लगाएं। रेटिनॉल बेस्ड क्रीम चुनें जो पिग्मेंटेशन, पोर्स और बारीक लकीरों को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही कोलेजन को बढाते हैं।

### सेहत का रखें खयाल

स्वास्थ्य सही हो तो सौंदर्य दोगुना हो जाता है। स्वास्थ्य तभी सही रह सकता है जब आप अपना खयाल रखें। सही वक्त पर सही, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लें। हफ्ते में कम से कम 5 बार 30 से 40 मिनट तक एक्सरसाइज करें।

### इसे आजमाएँ

लैक्मे सन एक्सपर्ट, न्यूट्रोजेना अल्ट्रा शियर ड्राई-टच सनब्लॉक



### हर दूसरे दिन शैंपू

क्या कभी आपने अपना पुराना एल्बम पलटते हुए इस बात पर ध्यान दिया है कि आपकी दादी और नानी के बाल आपकी उम्र में कैसे और कितने स्वस्थ थे। आपके बाल अगर उतने स्वस्थ और अच्छे नहीं तो इसका सीधा कारण है प्रदूषण, जंक फूड और स्ट्रेस। इंटरनेशनल हेयर एक्सपर्ट जमाल हाम्मदी के मुताबिक भारतीय युवतियों की सबसे आम समस्या है बालों का रूखापन, क्योंकि हर दूसरी स्त्री कामकाजी है और चारों तरफ प्रदूषण का सामना, धूप का प्रकोप, काम का बोझ और स्ट्रेस का सामना करती है। साथ ही स्ट्रेस के कारण जंक फूड की तरफ रुझान बढने लगता है। इन सबका सीधा असर बालों की सेहत पर पडता है। फैशन अपनाने के कारण स्ट्रेटनिंग, ब्लो-ड्राइंग, कलरिंग और केमिकल ट्रीटमेंट से गुजरती हैं, जिस कारण बालों से कुदरती मॉयस्चर निकल जाता है। ऐसे में बालों की खास देखभाल बहुत जरूरी है। इससे भी जरूरी है अपने बालों की किस्म के मुताबिक हफ्ते में तीन बार शैंपू करना। सबसे बडी बात यह कि स्त्री चाहे किसी भी उम्र की हो, मेकअप किया हो या नहीं, लेकिन जिस दिन शैंपू करती है उस दिन वह बेहद सुंदर दिखती है। इसलिए शैंपू करने में कोताही न बरतें।

### इसे आजमाएँ

न्यूट्रोजेना हेल्दी स्किन एंटी-रिंकल नाइट क्रीम, गार्नियर नाइट क्रीम

### त्वचा को दमकने दें

डॉक्टर जमुना पई के मुताबिक एक्सफोलिएशन सबसे जरूरी है। प्रदूषण भरे वातावरण में डेड सेल्स की समस्या आम होती है। एक्सफोलिएट इस्तेमाल करने से त्वचा के मृत कोश भी निकल जाते हैं और त्वचा रेशम सी कोमल और चमकदार हो जाती है। डेड सेल्स को हटाने के लिए माइक्रोडर्माब्रेजन और ग्लाइकॉलिक पील्स ट्रीटमेंट करा सकती हैं।

### एक अच्छा हेयर कट

जब कुछ समझ न आए तो एक अच्छा हेयर कट लें। लेकिन अपनी पर्सनैल्टी और चेहरे पर सूट करने वाला। प्रत्येक दो-चार माह में हेयरकट जरूरी है। बिखरे, उलझे, दो मुंहे, बेजान बाल आपके व्यक्तित्व के आकर्षण को खत्म कर देते हैं। एक अच्छा हेयरकट आपकी पर्सनैल्टी में वॉल्यूम भर देता है।

अपने हेयर एक्सपर्ट की सलाह से ऐसा हेयरकट लें, जो आप पर सूट करे और आपको स्मार्ट बनाए।





# ईको फ्रेंडली फर्नीचर घर को चमका दे

**देखा जाए तो ज्यादातर घरेलू फर्नीचर के निर्माण में लकड़ी का ही प्रयोग किया जाता है, जो सीधे-सीधे पर्यावरण को क्षति पहुंचाता है। इसके निर्माण में मशीनों का प्रयोग और इसकी पॉलिश आदि में जिन-जिन रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है, वे और भी पर्यावरण विरोधी हैं। इसलिए अब जागरूक व्यक्ति ईको फ्रैंडली फर्नीचर का चयन करके पर्यावरण-रक्षा में सहयोग दे रहे हैं। दीपावली पर्व नजदीक है आप फर्नीचर खरीदें तो ईको फ्रैंडली फर्नीचर खरीदें।**

**ऐसा फर्नीचर** - जिसके निर्माण के लिए पेड़ों को न काटा जाए, ऐसे कैमिकल इस्तेमाल न किए जाएं, जो टॉक्सिक हैं और ऐसे पदार्थों का प्रयोग किया जाए, जो री-साइकल किए जा सकते हों- ईको फ्रैंडली फर्नीचर कहलाता है। औद्योगिक और घरेलू वेस्ट को री-साइकल करके ईको फ्रैंडली फर्नीचर बनाया जाता है। केन, बांस और सरकंडे का उपयोग करके सुन्दर फर्नीचर बनाया जा रहा है, जो कहीं भी पर्यावरण को क्षति नहीं पहुंचाता। इनका उत्पादन प्रकृति बहुत बड़ी मात्र में और तेजी से करती है। असम, नागालैंड और उत्तराखंड में केन, बांस और सरकंडों की फसल भारी मात्र में होती है और यह वहां के लाखों लोगों की जीविका का साधन भी है। इस्पात, ग्लास, स्टोन और प्लास्टिक वो मैटीरियल हैं, जो आसानी से री-साइकल किए जा सकते हैं।



### कैसे करें इनका चयन

**अब बाजार में ईको**-फ्रैंडली फर्नीचर आसानी से उपलब्ध है। फर्नीचर में वुड का जो भी विकल्प है, वह पर्यावरण रक्षक है- मसलन एमडीएफ (मीडियम डेंसिटी फाइबर बोर्ड) देखने में एकदम लकड़ी जैसा लगता है, बल्कि उसकी फिनिश लकड़ी से भी अच्छी होती है। कम्प्यूटर टेबल से लेकर सम्पूर्ण किचन तक एमडीएफ से बनाई जा रही हैं। यह विविध रंगों और आकार में उपलब्ध है। इसमें पॉलिश की भी जरूरत नहीं पड़ती। बाजार में इसकी बेशुमार वैरायटी उपलब्ध है। इसी प्रकार बेंत, बांस और सरकंडे से बना फर्नीचर भारतीय संस्कृति में हमेशा रचा-बसा रहा है और इसका निर्माण भी गांव-देहातों में ही किया जाता था। मगर पिछले एक-दो दशकों से शहरों में इस प्रकार का फर्नीचर आसानी से मिलने लगा है। केन फर्नीचरकी वैरायटी ड्राइंग रूम के सोफा सेट, सेंटर टेबल से लेकर बैडरूम फर्नीचर तक उपलब्ध है। इस फर्नीचर की पॉलिश में ऐसे किसी भी कैमिकल या पेंट का इस्तेमाल प्राय: नहीं किया जाता, जो पर्यावरण को दूषित करे। बल्कि केन और बैम्बू फर्नीचर की पॉलिश-पेंट आप स्वयं भी कर सकते हैं। यह फर्नीचर परंपरागत व मॉडर्न दोनों प्रकार के डिजाइनों में उपलब्ध है। फर्नीचर के अतिरिक्त इनसे मैचिंग लैम्प शेड्स, झूमर, वॉल हैंगिंग आदि एक्सेसरीज भी आसानी से मिल जाती हैं। रॉट आयरन का फर्नीचर भी ईको फ्रैंडली है, क्योंकि यह री-साइकल किया जा सकता है। केन और रॉट आयरन का कॉम्बिनेशन फर्नीचर को एक नई खूबसूरती तो देता ही है, टिकाऊ और मजबूत भी बना देता है। इसमें स्टोन का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बाजार में अब रॉट आयरन, बेंत, बांस और स्टोन से बना विदेशी फर्नीचर भी आ गया है, जिसकी खूबसूरती और फिनिश लाजवाब है। दाम भी ज्यादा नहीं, अफोर्डेबल हैं। चीन, मलेशिया और इंडोनेशिया ऐसे देश हैं, जिनका ईको फर्नीचर जग प्रसिद्ध है। ईको-फर्नीचर के साथ जूट फैब्रिक या जूट मैट्स का कॉम्बिनेशन आपके ड्राइंग रूम के ईको-फैंडली लुक में चार चांद लगा देगा। इसी प्रकार सोफे की सीट की बुनाई में जूट की रस्सी का इस्तेमाल किया जा सकता है।



## सार समाचार

### श्रीलंका में कोविड-19 को रोकने के लिए लगाया नाइट कर्फ्यू

कोलंबो। कोविड-19 के रोकथाम के लिए नए सिरे से प्रयास करते हुए, श्रीलंकाई अधिकारियों ने घोषणा की कि राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू सोमवार रात से अगले नोटिस तक लागू रहेगा। क्योंकि पुष्टि किए गए मामलों की संख्या 350,000 के आंकड़े को पार कर गई है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, आर्मी कमांडर और नेशनल ऑपरेशंस सेंटर फॉर द प्रिवेंशन ऑफ कोविड -19 के प्रमुख जनरल शैवेंद्र सिल्वा ने कहा कि कर्फ्यू रात 10 बजे से लगाया जाएगा। लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने से रोकने के लिए रोजाना सुबह 4 बजे तक रहेगा। हालांकि, आवश्यक सेवाओं को पूरा करने या काम के लिए ही अनुमति दी जाएगी। श्रीलंका वर्तमान में महामारी की तीसरी लहर के बीच में है, जिसमें कुल रोगी संख्या 354,000 से अधिक है। वायरस से मरने वालों की कुल संख्या 6,096 तक पहुंच गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से यथासंभव घर के अंदर रहने का आग्रह किया है क्योंकि डॉक्टरों ने कहा कि डेल्टा संस्करण कई जिलों में फैल रहा है, जिससे अस्पतालों में संक्रमित रोगियों की भरमार हो रही है। श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्रालय ने फेस मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखना अनिवार्य कर दिया है।

### ऑस्ट्रेलिया का उत्तरी क्षेत्र लॉकडाउन की गिरफ्त में आया

